सांध्य दैनिक
# नई दृष्टिबिंदु
सच की शक्ति, जनता की दृष्टि
PRGI Reg No - CTHIN/25/A3746

**सु-विचार**
*परिस्थिति बदलने का दम रखो,*
*समस्या कभी खत्म नहीं होने वाली...!!*
*अज्ञात...*

वर्ष–01 अंक–49 | संपादक आलोक तिवारी | दुर्ग, मंगलवार 10 मार्च 2026 | पृष्ठ 08 | मूल्य –2 रुपए,

# भिलाई शहर की राजनीतिक और प्रशासनिक फिजा पर छाया हुआ है अजीबोगरीब धुंध

*आलोक तिवारी / भिलाई*

शहर की राजनीतिक और प्रशासनिक फिजा में इन दिनों अजीब सी धुंध छाई हुई है। धुंध की वजह सत्ताधीशों के बयान और एक वायरल वीडियो के साथ ही अफीम की खेती उजागर होने का मामला है। इन विषयों में पूरी प्रशासनिक व्यवस्था अफीम के नशे में –ूमते दिख रही है। बयानबाजी तक मामला सीमित है, जबकि वायरल वीडियो न सिर्फ चिंताजनक है बल्कि तत्काल कार्रवाई कर मामले से पटाक्षेप करने वाली प्रशासनिक पहल की जरुरत है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों एक पूर्व पार्षद और बागी होकर विधानसभा चुनाव लड़कर जमानत जब्त कराने वाले व विभिन्न आरोपों में घिरे व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर लाईव आकर कहानी बताने की कोशिश करते हैं कि बीते दो साल से



वैशाली नगर
विधायक की हत्या की हो रही साजिश

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के घोर विरोधी रहे हैं। लेकिन अब उन्हें अपनी गलती का अहसास हो गया है। उस व्यक्ति ने विधायक से क्षमा भी मांगी और उसके बाद जो कहा वह चिंताजनक है।

पूर्व पार्षद ने बताया कि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की हत्या की साजिश रची जा रही है। बलात्कार जैसे मामले में उन्हें फंसाने और महादेव सट्टा एप में उल–ााने का षड़यंत्र कई बार किया है। जिसका पुख्ता सबूत उनके पास है। पूर्व पार्षद ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व कर मामले को पहुंचाने की बात भी कहते हैं। इसके प्रसारण के बाद 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दिन शांति नगर दशहरा मैदान में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने महिलाओं के सम्मान समारोह में इस प्रकरण का जिक्र करते हुए चिंता जताते हैँ कि उनकी हत्या और बलात्कार जैसे मामलों में फंसाने की साजिश की जा रही है। इसके बाद उनका परिवार डरा हुआ है।

विधायक रिकेश सेन ने उपस्थित बहनों से भी अपील कि की उनके रक्षा के लिए वे सामने आएं। इस पटकथाा की अधिकृत तौर पर लिखित में शिकायत पुलिस के पास ना सोशल मीडिया में लाईव आकर मामले का खुलासा करने वाले पूर्व पार्षद ने किया है और ना ही विधायक ने की है। अब सवाल यह उठता है कि जब शहर में सत्ता पक्ष का एक विधायक सुरक्षित नहीं है, उसकी हत्या और उसे मामलों में फंसाने की साजिश हो सकती है तो आम आदमी इस शहर में कैसे सुरक्षित है। पुलिस इस मामले में स्वतः संज्ञान नहीं ले सकती। ऐसा आला अफसरों का कहना है। क्या पुलिस किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रही है।

जनमानस में ऐसा इसलिए सोचा जा रहा है क्योंकि वर्ष 2023 विधानसभा चुनाव के दौरान भिलाई नगर में कांग्रेस विधायक का एक कथित अश्लील वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो को लेकर जमकर राजनीति हुई। कांग्रेस विधायक ने पुलिस के पास लिखित में शिकायत कर इस मामले की जांच की मांग की, लेकिन जांच शुरु होने के बाद ऐसा बताते हैं कि पुलिस द्वारा 8 बार नोटिस जारी कर बयान के लिए बुलाए जाने के बाद भी विधायक बयान देने नहीं पहुंचा है। एक ऐसा ही मामला हाल ही में सामने आया था। जब एक भाजपा नेता और एक भाजपा नेत्री का ऑडियो रिलीज हुआ जिसमें अंतरंग गुफ्तगुं सुनाई दे रही थी। इस पर भी विरोधियों पर चरित्र हनन का आरोप लगाते हुए मामले की इतिश्री कर ली गई।

पूर्व पार्षद छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा के ईदर्गिद आए दिन मंडराते दिखते हैं। पूर्व पार्षद का खुलासा बेहद गंभीर है। इस मामले पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पार्षद से फाइल जप्त कर उन लोगों के नाम का खुलासा होने चाहिए जो लोग वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की हत्या की साजिश रच रहे हैं। उन्हें बलात्कार व महादेव सट्टा एप में फंसाने का षड़यंत्र रच रहे हैं। शहर की जनता भी जानना चाहती है कि उनके विधायक को आखिर कौन मारना और कौन फंसाना चाहता है। विधायक को भी बयानबाजी करने के अलावा लिखित में डीजीपी और पुलिस अधीक्षक से मामले की शिकायत का मामले का पटाक्षेप किया जाना चाहिए, लेकिन अभी तक मामले में केवल बयानबाजी चल रही है। यह तो राजनीतिक मामला हुआ दूसरा चिंताजनक प्रकरण यह है कि जिला मुख्यालय से महज 14 किलोमीटर –ों–ारी समोंदा में अफीम की खेती होती है। बतातें हैं कि खेती काफी सालों से हो रही है। बच्चों के बचपने ने यह भेद खोल दिया, अन्यथा भाजपा नेता पर अफीम का किसान माला–माल होता रहता। पूरी प्रशासनिक व्यवस्था पर यह दोनों प्रकरण बड़े सवाल खड़े करते हैं। एक तरफ सत्ता पक्ष के विधायक की हत्या की साजिश का खुलासा और दूसरी तरफ अफीम की खेती ने चहूंओर धुंध पैदा कर दी है। अब जनता यह देखना चाहती है कि धुंध हटे और असली चेहरे उजागर हों।

## उतई में सीआईएसएफ का 57वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



*नई दृष्टिबिंदु / उतई*

आज केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र भिलाई में 57वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण केंद्र परिसर में भव्य परेड का आयोजन किया गया। परेड की सलामी केंद्र के वरिष्ठ कमांडेंट एवं प्राचार्य अखिलेश कुमार शुक्ला ने ली। परेड में कुल छह प्लाटूनों की टुकड़ियों ने भाग लिया, जिसका नेतृत्व परेड कमांडर निरीक्षक/कार्यवाहक मुकेश पाण्डेय ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में अधिकारीगण, पत्रकार, बल सदस्य, प्रशिक्षार्थी, महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में वरिष्ठ कमांडेंट श्री शुक्ला ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होंने परेड में भाग लेने वाले बल सदस्यों और प्रशिक्षार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि CISF इस वर्ष अपनी स्थापना का 57वां वर्ष मना रहा है। इस अवसर पर पूरे वर्ष विभिन्न रचनात्मक और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने देश के बदलते सुरक्षा परिदृश्य में CISF की बढ़ती जिम्मेदारियों और महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस का यह पर्व तभी सार्थक होगा, जब हम सभी एकता, सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हुए अन्याय, अत्याचार और अराजकता जैसी प्रवृत्तियों को दूर करने का संकल्प लें।

उन्होंने आगे कहा कि इस पावन अवसर पर आपसी प्रेम, समन्वय और मैत्री के बीज बोने चाहिए। यही हमारी वास्तविक सफलता होगी और यही उन शहीद देशभक्तों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी, जिन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। अंत में वरिष्ठ कमांडेंट श्री शुक्ला ने सभी बल सदस्यों से आह्वान किया कि वे दृढ़ चरित्र, ईमानदारी और स्वच्छ सार्वजनिक जीवन को अपनाते हुए जाति और मजहब की संकीर्णताओं से ऊपर उठकर राष्ट्र की उन्नति और विकास के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने का संकल्प लें।



## मिडिल ईस्ट युद्ध का असरः भारत में दिखा रसोई गैस को लेकर सतर्कता

### घरेलू सप्लाई सुरक्षित रखने के लिए सरकार ने उठाए कदम

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई–राजनांदगांव*

मिडिल ईस्ट में ईरान–इजराइल और उससे जुड़े सैन्य तनाव के बीच भारत में रसोई गैस (एलपीजी) की आपूर्ति को लेकर केंद्र सरकार अलर्ट मोड में आ गई है। संभावित संकट को देखते हुए सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए गैस उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु विशेष आपात कदम उठाए हैं। सरकार ने देश की सभी रिफाइनरियों को निर्देश दिया है कि वे प्रोपेन और ब्यूटेन का अधिकतम उपयोग एलपीजी उत्पादन के लिए करें और अतिरिक्त उत्पादन सीधे घरेलू गैस कंपनियों को उपलब्ध कराएं, ताकि आम परिवारों को गैस की कमी का सामना न करना पड़े।

### गैस बुकिंग पर नई व्यवस्था

सप्लाई पर दबाव को देखते हुए सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग के बीच न्यूनतम अवधि 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दी है। इसका उद्देश्य जमाखोरी और ब्लैक मार्केटिंग पर रोक लगाना बताया जा रहा है।



### घरेलू गैस महंगी

इसी बीच देश में 14.2 किलो के घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में लगभग 60 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। भिलाई में इसका दाम करीब 985 रुपये तथा राजनांदगांव में 997 तक पहुंच गया है, जबकि कमर्शियल सिलेंडर लगभग 115 रुपये तक महंगा हुआ है।

### होटल–रेस्टोरेंट और उद्योगों पर असर

कई शहरों में होटल और रेस्टोरेंट में इस्तेमाल होने वाले कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई प्रभावित होने लगी है। सरकार एक ओर सप्लाई सामान्य बता रही हैं वही दूसरी तरफ व्यवसायिक सिलेंडर की आपूर्ति देश भर में प्रभावित कर दिया है ऑयल कंपनियों को कुछ स्थानों पर होटल व्यवसायियों ने गैस की कमी की चेतावनी भी दी है।

### भारत की चिंता क्यों बढ़ी

विशेषज्ञों के अनुसार भारत अपनी लगभग 65–70% एलपीजी जरूरत आयात से पूरी करता है, जिसमें बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आता है। यदि युद्ध के कारण समुद्री सप्लाई मार्ग प्रभावित होते हैं तो भारत सहित कई देशों में गैस की कीमत और उपलब्धता पर असर पड़ सकता है।

### सरकार की अपील

केंद्र सरकार ने लोगों से अपील की है कि घबराकर गैस की अतिरिक्त बुकिंग न करें, क्योंकि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखने के प्रयास जारी हैं।

## बीएसपी इन्फोर्समेंट विभाग ने की अवैध कब्जों के विरुद्ध कार्रवाई



*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

सेल– भिलाई इस्पात संयंत्र के इन्फोसर्मेंट विभाग द्वारा 7 एवं 9 मार्च को दो दिनों तक अवैध कब्जों के विरुद्ध सघन कारर्वाई करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाया गया। 7 मार्च को सेक्टर–7 क्षेत्र में अवैध रूप से निर्मित गैरेजों एवं शेडों को हटाया गया, जहाँ टेंट, फल एवं केटरिंग व्यवसाय से संबंधित सामग्रियाँ रखकर भूमि पर अवैध कब्जा किया गया था। कार्रवाई से पूर्व क्षेत्र में सूचना देकर कब्जाधारियों को स्थल खाली करने के लिए सचेत किया गया था। तत्पश्चात अवैध संरचनाओं को हटाते हुए लगभग 2000 वगर्फीट भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

इसी क्रम में 9 मार्च को नेवई के पांडेपारा क्षेत्र में ईंटों से बनाए जा रहे तीन अवैध मकानों के ढांचे को ध्वस्त किया गया। साथ ही दो ओर निर्मित बाउंड्री वाल को भी हटाया गया। इस क्षेत्र में लगभग 20,000 वगर्फीट भूमि पर सुनियोजित रूप से अवैध प्लॉटिंग किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई थी। कब्जाधारियों को शेष अवैध निर्माण स्वयं हटाने के लिए आगाह किया गया है, अन्यथा उनके विरुद्ध आगे भी नियमानुसार कारर्वाई की जाएगी। इस अभियान के दौरान नेवई थाना पुलिस बल का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

यह कार्रवाई मुख्य महाप्रबंधक (नगर प्रशासन एवं सीएसआर) उत्पल दत्ता के मार्गदर्शन तथा सहायक महाप्रबंधक (प्रवर्तन) रेमी थॉमस के नेतृत्व में संपन्न हुई। अभियान में उप प्रबंधक (प्रवर्तन) एवं हिंदी समन्वय अधिकारी मुकुंद दास मानिकपुरी के साथ संपदा निरीक्षक राममूर्ति, रमाकांत यादव, भगवान, बलराम शुक्ला, अजय मिश्रा, कुद्बुद्दीन कुरैशी तथा पुरुष एवं महिला सुरक्षा कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

भिलाई इस्पात संयंत्र प्रशासन द्वारा बीएसपी भूमि पर अवैध कब्जे एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई भविष्य में भी निरंतर जारी रखने की बात कही गई है। साथ ही आमजन से अपील की गई है कि वे बीएसपी भूमि पर अवैध कब्जा कराने वाले तथाकथित बिचौलियों के झांसे में न आएँ, अन्यथा उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।



**केसीजी पुलिस टीम की त्वरित कार्यवाही** | 12 घंटे के भीतर 6 आरोपी सहित 2 विधि संघर्षरत बालक भी गिरफ्तार

## गाडाडीह हत्याकांड : अवैध संबंध के शक में ठेकेदार की हत्या

*नई दृष्टिबिंदु / खैरागढ़*

शक का कोई इलाज नहीं, वह ला इलाज है, इसी शक के आधार पर एक बिल्डिंग ठेकेदार की हत्या हो गई।। खैरागढ़ थाने में दर्ज मर्ग क्रमांक 29/2026 धारा 194 बीएनएस की जांच के दौरान यह पाया गया, कि किल्लापारा वार्ड क्रमांक 11 निवसी मृतक तुलाराम पटेल, पिता कार्तिक राम पटेल, उम्र 45 वर्ष, जो बिल्डिंग ठेकेदारी का कार्य करता था। उसके साथ ग्राम गाडाडीह निवासी परदेशनीन बाई, पति स्व. शिवा यादव, उम्र 40 वर्ष, रेजा मजदूर के रूप में काम करती थी। मृतक कभी–कभी उसे शाम के समय अपने मोटरसाइकिल से उसके घर छोड़ने जाता था। उसी दरमियान रविवार की शाम को भी तुलाराम पटेल परदेशनीन बाई को छोड़ने ग्राम गाडाडीह गया था। उसी दौरान आरोपीगण द्वारा अवैध संबंध के शक पर एकराय होकर यह कहते हुए कि तुम यहां क्यों आते हो, गांव को बिगाड़ रहे हो, मृतक तुलाराम पटेल के साथ हाथ, मुक्का और लात से मारपीट की, जिससे उसके चेहरे एवं शरीर में गंभीर चोटें आईं। जिसे घायल अवस्था में उसे सिविल अस्पताल खैरागढ़ लाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।




घटना के संबंध में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 107/2026 धारा 103(2), 190, 191(1), 191(2) भारतीय न्याय संहिता (इठर) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान



मृतक तुलाराम पटेल

आरोपियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपराध करना स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपियों को सोमवार को न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार न्यायिक रिमांड पर भेजने की कायर्वाही की जावेगी। प्रकरण में विवेचना कार्यवाही जारी है।

गिरफ्तार आरोपियों में कीर्तन यादव उर्फ मुन्ना, पिता – पल्टू यादव, उम्र 35 वर्ष, समय यादव, पिता –पल्टू यादव, उम्र 45 वर्ष, आशीष यादव उर्फ बोदू, पिता – स्व. अगनू यादव, उम्र 42 , रूपलाल वर्मा, पिता – सुरेश वर्मा, उम्र 26 वर्ष, पल्टन पिता–: स्व. भारत वर्मा, उम्र 60 वर्ष, पवन वर्मा, पिता – स्व. बंजु वर्मा, उम्र 35 वर्ष साथ ही दो विधि से संघर्षरत बालक, सभी निवासी ग्राम गाडाडीह, थाना खैरागढ़, जिला केसीजी (छग) शामिल हैं।

महत्वपूर्ण सूचना! हमारे पाठकों के लिए
सांध्य दैनिक नई दृष्टिबिंदु सच की शक्ति, जनता की दृष्टि
सांध्य दैनिक नई दृष्टिबिंदु का E-Paper भी तैयार है।
प्रतिदिन शाम 4:00 बजे पेपर नई दृष्टिबिंदु के गुगल के साइट Nayi Drishtibindu पर अपलोड हो जाता है। सभी पाठकों से आग्रह है कि प्रतिदिन शाम 4:00 बजे साइट पर Nayi Drishti bindu E-Paper सर्च कर ई पेपर देख सकते हैं।


# महिलाएं बच्चों में अच्छे संस्कार विकसित करने और सशक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं : घनश्याम देवांगन

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सियान सदन हाउसिंग बोर्ड, भिलाई में महिलाओं के लिए अनेक रोचक प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन किया गया। इस अवसर पर आइस्कान की राष्ट्रीय सहसचिव श्रीमती यमला साहू, भाजपा नेत्री दिव्या भसीन, हेलपेज इंडिया के राज्य प्रमुख सुभांकर बिस्वास, भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन एवं लोकार्पण समिति के प्रदेश अध्यक्ष इस्माईल खान विशेष रूप से उपस्थित थे। समारोह में महिला सशक्तिकरण में विशिष्ट योगदान देने वाली अंचल की 8 महिलाओं छाया विश्वकर्मा, अचर्ना मूले, तृप्ति नंदी, तारा विश्वकर्मा, लावण्या डे, सुरेखा महोबे, अंजना सातपुते एवं ललिता श्रीवास का यमला साहू एवं इस्माईल खान द्वारा सम्मान किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम देवांगन ने कहा कि परिवार एवं समाज के उत्थान में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने रिश्तों में आ रहे गिरावट एवं आए दिन हो रहे लड़ाई झगडे, हत्या, बलात्कार आदि की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाएं बच्चों को संस्कार वान बनाने की महती भूमिका निभाएं। सुभांकर बिस्वास ने कहा कि महिलाओं को उनका अधिकार एवं कर्तव्य मालूम होना चाहिए तभी महिला सशक्तिकरण सफल होगा। यमला साहू ने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए महिला सशक्तिकरण के लिए उन्हें आगे आने एवं घर परिवार, समाज सहित हर जगह जिम्मेदारी निभाने की अपील की। दिव्या भसीन ने महिलाओं की सक्रियता की प्रशंसा करते हुए कहा कि महिलाएं हर तरह के कार्य करने में सक्षम है। इस्माइल खान ने कहा कि वे जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु हरसंभव सहयोग करेंगे।

इस अवसर पर महिलाओं के लिए आयोजित रोचक एवं मनोरंजक खेलों में छुपा रूस्तम, चारों खाने चित, रैंप वाक, हाऊजी, प्रश्नोत्तरी, नृत्य, गीत एवं नाटक आदि का आयोजन किया गया। योगा ग्रुप की महिलाओं ने आकर्षक पिरामिड का निर्माण कर वाहवाही लूटी। सभी कार्यक्रमों में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं पुरस्कार जीते। सभी विजेताओं को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर महासंघ की उपाध्यक्ष अचर्ना मूले के जन्मदिन पर महासंघ की ओर से उनका सामूहिक जन्मोत्सव मनाकर सम्मान किया गया। समारोह में महासंघ के कोषाध्यक्ष दिनेश गुप्ता, उपाध्यक्ष अचर्ना मूले, लोकार्पण समिति के प्रदेश अध्यक्ष इस्माईल खान, वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष डॉ कांतिलाल विश्वकर्मा, पार्षद प्रदीप सेन, रतनलाल गोयल, एस के नंदी, छाया विश्वकर्मा, कृष्णराव गुजर, मंगलूराम देवांगन, हुकुमचंद देवांगन, एम.आर. निराला, मंदा वासनकर, शोभा गुजर, तृप्ति नंदी, मुकेश कुमार, तारा विश्वकर्मा, लावण्या डे, सुरेखा महोबे, अंजना सातपुते एवं ललिता श्रीवास आदि सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष वर्ग उपस्थित थे। संचालन छाया विश्वकर्मा एवं आभार प्रदर्शन अचर्ना मूले ने किया ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सामुहिक दीप प्रज्वलन से हुआ। महिलाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया एवं डॉ कांति लाल विश्वकर्मा ने स्वागत भाषण दिया।महिलाओं ने सभी आगंतुकों का स्वागत तिलक लगाकर किया। समारोह का आयोजन हेल्पेज इंडिया एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति हाउसिंग बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ एवं लोकार्पण समिति के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ।?

**खास खबर**

## चैंबर प्रतिनिधियों ने संजय रूंगटा से उनके निवास पर मुलाकात



*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने वरिष्ठ उद्योगपति संजय रूंगटा से उनके निवास पर सौजन्य भेंट कर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान चेंबर प्रतिनिधियों ने उन्हें गुलाल का तिलक लगाकर, चुनरी का पटका और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। मुलाकात के दौरान चेंबर से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई। संजय रूंगटा ने नए सदस्यों को जोड़ने के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि चेंबर का उद्देश्य छोटे से छोटे व्यापारी तक अपनी पहुंच बनाना होना चाहिए। उन्होंने सभी समाजों तथा व्यापार और व्यवसाय से जुड़े लोगों को चेंबर से जोड़ने पर विशेष जोर दिया।

चेंबर के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों ने भी इस विचार से सहमति व्यक्त करते हुए बताया कि अधिक से अधिक व्यापारियों को संगठन से जोड़ने के लिए संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही महिला उद्यमियों, युवा व्यवसायियों और नए व्यापारियों को भी चेंबर से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर अनूप गटागट, अशोक राठी, किशोर जैन, संजय खंडेलवाल, कुलदीप सिंह, सुदीप अग्रवाल, विनीत जैन, आनंद अग्रवाल, अरुण दुगड़, हेमंत गोयल एवं आनंद जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## रोजा-इफ्तार में की गई अमन की दुआएं

**भिलाई।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी की ओर से रोजा इफ्तार का आयोजन जामा मस्जिद सेक्टर-6 के सामाजिक भवन में रविवार को किया गया। इस दौरान 300 से ज्यादा रोजेदार शामिल हुए और इफ्तार व नमाज के बाद मुल्क में अमन व सलामती की दुआएं मांगी गई।

डायरेक्टर अंजुम अली ने बताया कि इफ्तार में बैतुल माल कमेटी, अंजुमन हुसैनिया, हजरत बीवी फातिमा जहरा कमेटी व अन्य संगठन के लोगों ने भी अपनी भागीदारी दी। आयोजन को सफल बनाने में अल मदद सोसाइटी की ओर से कौसर खान सचिव, सह सचिव कैसर इकबाल, शीरीन, फरीदा, लीना तजमीन, कोषाध्यक्ष शाहीन खान, दिलशाद, आलिया यासमीन, आयशा आलम, एसएन शेख, नीलोफर, शीरीन, रुखसाना, रुबीना, नर्गिस, डा. अमरीन, सायरा, सरवरी, कमर सुल्ताना, अनीस,रेहाना, दरख्शां अंजुम, शमा, जलाल, रानी, समीना खान, आलिया, गुल निशा, साबरा, सैयद जमशेद अली,सगीर खान, तौहीद अली, निसार, आरिफ खान, शौकत इकबाल, जलालुद्दीन बैतुलमाल कमेटी के हफीज खान और मोहम्मद अलीम का विशेष योगदान रहा।



# निगम आयुक्त ने मुख्य नाला निर्माण व सीमेंटीकरण कार्यो का किया निरीक्षण, कार्य में गति लाने दिए निर्देश

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*



नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शहर के विभिन्न वार्डो में चल रहे विकास कार्यो का सघन निरीक्षण किया। शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और जनसुविधाओं में विस्तार के उद्देश्य से आयुक्त ने निर्माणाधीन मुख्य नाला एवं सीमेंटीकरण कार्यो का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए।

वार्ड क्रमांक 1 मॉडल टाउन पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास मुख्य नाला निर्माण कार्य का अवलोकन किया गया। आगामी वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या न हो, इसके लिए नाले का चौड़ीकरण एवं गहरीकरण कराया जा रहा है। जनमानस और जीव-जंतुओं की सुरक्षा हेतु नाले के दोनों किनारों पर सुरक्षा दीवार (रिटेनिंग वॉल) का निर्माण किया जा रहा है। कोहका सड़क क्रमांक 2 एवं 3 में 98.00 लाख रुपये की लागत से हो रहे सीमेंटीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने कहा कि इस सड़क के बनने से स्थानीय नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।

सड़क निर्माण के साथ ही गंदे पानी की सुचारू निकासी हेतु सड़क किनारे नालियों का निर्माण भी सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि जल जमाव की स्थिति निर्मित न हो। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, उप अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा, रीमा जामुलकर, बसंत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी तथा जोन स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी सहित अन्य कमर्चारी उपस्थित रहे। "विकास कार्यो में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। निर्माण कार्यो को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें ताकि आम नागरिकों को जल्द से जल्द इन सुविधाओं का लाभ मिल सके।"

## निर्माणाधीन पानी टंकी का महापौर बाघमार ने किया निरीक्षण



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा शहर के मध्य क्षेत्र में लंबे समय से बनी जल संकट की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से शिक्षक नगर स्थित तिलक स्कूल के पास लगभग 1 करोड़ 69 लाख रुपये की लागत से 15 लाख किलोलीटर क्षमता की उच्च स्तरीय पानी टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माणाधीन कार्य का आज शहर की महापौर अलका बाघमार ने जल कार्य विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन के साथ स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान महापौर अलका बाघमार ने निर्माण कार्य में अपेक्षित गुणवत्ता नहीं मिलने पर ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई। कहा पानी की तराई बेहतर हो। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महापौर ने कॉलम में पर्याप्त पानी की तराई (क्यूरिंग) नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए इंजीनियरों एवं ठेकेदार को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप, मजबूत और गुणवत्तापूर्ण किया जाए तथा कार्य में तेजी लाई जाए ताकि निर्धारित समय में टंकी का निर्माण पूरा हो सके। ज्ञात हो कि बैगापारा वार्ड क्रमांक 6, लुचकीपारा वार्ड 7, तकियापारा वार्ड 8 तथा आसपास के मोतीपारा वार्ड 30 और सदर बाजार वार्ड 32 क्षेत्रों में लंबे समय से लो प्रेशर के कारण जल आपूर्ति की समस्या बनी हुई है। इन क्षेत्रों में जल आपूर्ति को सुचारू करने के लिए ही शिक्षक नगर तिलक स्कूल के पास इस उच्च क्षमता की पानी टंकी का निर्माण कराया जा रहा है।

वतर्मान में निर्माणाधीन टंकी का बेसमेंट कार्य पूर्ण हो चुका है और लगभग 22 कॉलम को ऊंचाई देने का कार्य जारी है। कॉलम में पानी की तराई कम होने की शिकायत मिलने पर महापौर अलका बाघमार स्वयं मौके पर पहुंचीं और कार्य की गुणवत्ता का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ ही टंकी के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन को हटाने के लिए विद्युत विभाग को पत्र भेजने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के पार्षद जितेंद्र महोबिया, खालिक रिजवी, जितेंद्र ताम्रकार, सावित्री दमाहे,सविता साहू, सब इंजीनियर विनोद मांझी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कृषि और डेयरी उत्पादों के आयात पर रोक लगाने और ट्रेड डील को रद्द करने की मांग को लेकर किसानों का प्रदर्शन




*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के बैनर तले आज किसानों ने अमेरिका के साथ ट्रेड डील के विरोध में दुर्ग में गांधी प्रतिमा के पास जबरदस्त धरना प्रदर्शन किया और डील को तत्काल रद्द करने की मांग करते हुए नारेबाजी किया।

उल्लेखनीय है कि देश भर के किसान संगठन आज डील के विरोध में दिल्ली के जंतर-मंतर में किसान संसद आयोजित कर रहे हैं। देश के किसान संगठनों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए किसानों ने दुर्ग में धरना प्रदर्शन किया। दो घंटे तक धरना प्रदर्शन करने के बाद किसान संगठन की ओर से अतिरिक्त तहसीलदार खूंटे को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन में किसान और कृषि विरोधी अमेरिका से डील को रद्द करने के अलावा स्वामीनाथन आयोग के फार्मूले सी 2 लागत मूल्य पर 50% लाभ जोड़कर उपजों का एमएसपी घोषित करने और परिपालन सुनिश्चित करने के लिए गारंटी कानून बनाने, कृषि और किसान विरोधी डब्ल्यू टी ओ समझौता से बाहर निकलने, कृषि उपजों पर इनपुट सब्सिडी को बढ़ाकर वैश्विक स्तर पर करने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में उपज में कमी की गणना करने के लिए मानक उत्पादन में 25% वृद्धि करने और केसीसी ऋण लेने वाले किसानों की भूमि को बैंक द्वारा बंधक रखने पर रोक लगाने की मांग भी उठाई है।

प्रदर्शनकारी किसानों को संबोधित करते हुए राजकुमार गुप्त, आई के वर्मा और उत्तम चंद्राकर ने कहा कि शून्य टैरिफ पर अमेरिका से कृषि और डेयरी उत्पाद करने से भारत के किसान और दुग्ध उत्पादक किसान प्रतिस्पर्धा में टिक नहीं पायेंगे और बर्बाद हो जायेंगे। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि डील गैरबराबरी का समझौता है भारत से अमेरिका निर्यात होने वाले सामानों पर 18% टैरिफ और भारत आयात होने वाले सामानों और उत्पादों पर कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है, वक्ताओं ने डील तत्काल रद्द करने की मांग किया। डील के खिलाफ आज के प्रदर्शन में परमानंद यादव, कमलनारायण अग्रवाल, बाबूलाल साहू, पुकेश्वर साहू, संजय ताम्रकार, गिरिश दिल्लीवार, गिरधर हिरवानी, राजकुमार यादव, बंशीलाल देवांगन, रोहित साहू, चेतन साहू, होरी लाल साहू आदि शामिल रहे।

# महिला दिवस : राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज भिलाई-दुर्ग ने किया मातृ शक्ति का सम्मान

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज भिलाई दुर्ग द्वारा 8 मार्च को केएच मेमोरियल स्कूल की प्राचार्या श्रीमती विभा झा, एवं केपीएस पब्लिक स्कूल नेहरू नगर की प्राचार्या श्रीमती सविता त्रिपाठी का उनके निवास स्थान पर जाकर समाज के पदाधिकारी गणों ने पुष्प गुच्छ, प्रमाण पत्र, एवं स्मृति चिन्ह, शॉल भेंट कर आत्मीय पूर्ण तरीके से सम्मानित किया गया, इस अवसर पर समाज के महिला प्रकोष्ठ की प्रतिनिधि गण भी भारी संख्या में पहुंचकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव शशि कांत तिवारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य इन महिलाओं द्वारा किया जा रहा है, राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज इन महिलाओं को सम्मान करते हुए अपने आप को काफी गौरवान्वित महसूस कर रहा है इन विदुषी महिलाओं द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बड़े विद्यालय का सफलतापूर्वक कुशल संचालन कर रही है, साथ ही वे समाज को निरंतर मार्ग दर्शन भी प्रदान कर रही है, महिलाए समाज की रीढ़ होती हे इनमें अदभुत शक्ति होती हे, जो किसी भी बाधा को दूर कर समाज को नई दिशा देने का कार्य करती है।

इस अवसर पर श्रीमती विभा झा ने कहा कि मुझे आज अच्छा लग रहा कि मुझे समाज द्वारा सम्मानित किया गया में इसके लिए आभारी हु, श्री मति सविता त्रिपाठी ने कहा कि मुझे सम्मान देने के लिए में धन्यवाद देती हु जो भी सहयोग होगा समाज हेतु आगे बढ कर सहयोग करूंगी, इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कनक लता दुबे ने कहा कि समाज द्वारा आज जो ये कार्य क्रम किया गया निश्चित रूप से समाज को एक नई दिशा देगा, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी को बधाई शुभ कामना प्रदान किया।

इस अवसर पर शिक्षा विद मदन मोहन त्रिपाठी, कृष्णा देवी त्रिपाठी, समाजसेवी के के झा महिला प्रकोष्ठ की प्रतिनिधि एवं सरपंच कनक लता दुबे, डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही,ईश्वर चंद त्रिपाठी, अध्यक्ष लक्ष्मी कांत तिवारी, शैल किरण मिश्रा, शीतल दुबे, काजल मिश्रा, दीपक मिश्रा, नरेश चौरे, अरविंद तिवारी, विनोद उपाध्याय, रमेश शर्मा, रूपेंद्र दुबे, ओम प्रकाश मिश्रा, दिनेश मिश्र, राकेश दूबे, ब्रजमोहन तिवारी, किशोर तिवारी, अतुल शर्मा, अनुपमा उपाध्याय, रीता चौबे, कविता मिश्र, राजेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे, कार्य क्रम का संचालन विनोद उपाध्याय महासचिव ने किया, आभार प्रदर्शन ओम प्रकाश मिश्रा ने किया। राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज भिलाई दुर्ग द्वारा मातृ शक्ति का सम्मान किया गया।

# बीएसपी ने वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल से फरवरी अवधि में रचा नया उत्पादन कीतिर्मान

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने वतर्मान वित्त वर्ष की अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 अवधि के दौरान उत्पादन के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ दर्ज की हैं। इस अवधि में संयंत्र ने हॉट मेटल, क्रूड स्टील, सेलेबल स्टील, सिंटर उत्पादन और रेल उत्पादन व रेल लोडिंग सहित प्रमुख क्षेत्रों में अपने पिछले रिकॉर्डो को पार करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सर्वश्रेष्ठ अप्रैल से फरवरी रिकॉर्ड के साथ ही संयंत्र ने फरवरी माह में उत्पादन के प्रमुख मापदंडों में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया है।

अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 अवधि में संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस-8 ने 26,00,252 टन हॉट मेटल का उत्पादन कर वित्त वर्ष 2024-25 के इसी अवधि में दर्ज 25,43,397 टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड को पार किया। वहीं कुल हॉट मेटल उत्पादन 54,81,796 टन दर्ज किया गया, जो वित्त वर्ष 2023-24 के समान अवधि में दर्ज 54,40,432 टन से अधिक है।

प्लेट मिल ने एचटी प्लेट्स के उत्पादन में वित्त वर्ष 2023-24 में दर्ज रिकॉर्ड 2,29,375 टन को पार करते हुए 2,56,555 टन उत्पादन किया। ओर हैंडलिंग प्लांट ने भी इस अवधि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ मटेरियल हैंडलिंग का रिकॉर्ड दर्ज किया, प्लांट ने अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 के दौरान 2,19,78,114 टन मटेरियल हैंडलिंग कर, वित्त वर्ष 2024-25 में दर्ज रिकॉर्ड 97,54,947 टन को पार किया। साथ ही कुल सिंटर उत्पादन 80,46,038 टन दर्ज कर वित्त वर्ष 2023-24 के इसी अवधि में दर्ज रिकॉर्ड 79,56,681 टन को पार किया। बार रॉड मिल ने भी 9,61,363 टन रिकॉर्ड उत्पादन दर्ज कर वित्त वर्ष 2024-25 के रिकॉर्ड उत्पादन 9,19,914 टन को पार किया।

संयंत्र ने कुल प्राइम रेल उत्पादन में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए वित्त वर्ष 2019-20 के रिकॉर्ड को पार किया, अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 अवधि के दौरान कुल प्राइम रेल उत्पादन 11,98,122 टन दर्ज कर पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन रिकॉर्ड 11,65,210 टन को पार किया। रेल एंड स्ट्रक्चरल ने लाँग रेल उत्पादन में वृद्धि दर्ज करते हुए 1,65,364 टन उत्पादन किया, जो वित्त वर्ष 2023-24 के इसी अवधि में दर्ज 1,52,806 टन से अधिक है

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स इकाई, यूआरएम ने अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 अवधि में 8,67,981 टन फिनिश्ड रेल, 8,33,419 टन प्राइम रेल तथा 8,02,228 टन लाँग रेल उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज करते हुए क्रमशः वित्त वर्ष 2024-25 के इसी अवधि में दर्ज 8,14,809 टन फिनिश्ड रेल, 7,73,866 टन प्राइम रेल तथा वर्ष 2023-24 में दर्ज 7,40,530 टन लाँग रेल उत्पादन रिकॉर्ड को पार किया। इसी क्रम में कुल लाँग रेल उत्पादन 9,67,592 टन दर्ज किया गया।



भिलाई इस्पात संयंत्र के सभी फिनिशिंग मिलों ने मिलकर वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल से फरवरी अवधि के दौरान कुल 43,81,903 टन फिनिश्ड स्टील उत्पादन किया जो वर्ष 2024-25 में दर्ज 42,84,351 टन से अधिक है। संयंत्र ने 49,38,920 टन सेलेबल स्टील उत्पादन कर वर्ष 2023-24 में दर्ज 47,63,240 टन के रिकॉर्ड को पार किया। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 अवधि के दौरान कुल क्रूड स्टील उत्पादन 52,41,982 टन दर्ज करते हुए वित्त वर्ष 2023-24 के 51,52,780 टन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ो

संयंत्र की मॉडेक्स इकाई, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 ने कुल इस्पात उत्पादन के साथ-साथ इसी अवधि में सर्वश्रेष्ठ कास्ट स्टील उत्पादन 32,79,819 टन, सर्वश्रेष्ठ ब्लूम उत्पादन 10,95,421 टन तथा सर्वश्रेष्ठ बिलेट उत्पादन 21,84,398 टन का रिकॉर्ड बनाया है, जो कि वर्ष 2024-25 में दर्ज किए गए 32,47,324 टन कास्ट स्टील, 10,76,513 टन ब्लूम और 21,70,811 टन बिलेट उत्पादन रिकॉर्ड से अधिक है। एसएमएस-3, बार एंड रॉड मिल, मर्चेंट मिल और वायर रॉड मिल के लिए बिलेट का उत्पादन करता है। जिनके द्वारा टीएमटी और संरचनात्मक उत्पादों को रोल रोलिंग की जाती है। विश्वस्तरीय की रेल को रोलिंग करने के लिए यूनिवर्सल रेल मिल को एसएमएस-3 द्वारा ब्लूम भेजा जाता है।

अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 अवधि के दौरान रेल डिस्पैच के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज करते हुए संयंत्र के आरएसएम और यूआरएम ने लॉन्ग रेल लोडिंग का रिकॉर्ड बनायो इस क्रम में आरएसएम से 1,63,726 टन और यूआरएम से 8,26,962 टन लोडिंग रिकॉर्ड दर्ज किया गया जो कि वित्त वर्ष 2023-24 के इसी अवधि में दर्ज क्रमशः 1,53,007 टन व 7,59,805 टन लोडिंग रिकॉर्ड से कहीं अधिक है साथ ही कुल लॉन्ग रेल लोडिंग में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज कर वर्ष 2023-24 के पिछले सर्वश्रेष्ठ लोडिंग 9,12,812 टन को पार किया और 9,90,688 टन सर्वश्रेष्ठ लोडिंग दर्ज किया। इसके अतिरिक्त रेलवे के लिए कुल 11,52,142 टन रेल की लोडिंग की गई, जो कि वर्ष 2019-20 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 11,24,363 टन से बेहतर है इसके अतिरिक्त सेलेबल स्टील लोडिंग 49,52,615 टन दर्ज किया गया, जो कि वर्ष 2023-24 में दर्ज 47,29,969 टन से कहीं अधिक है।

अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 अवधि के दौरान में संयंत्र ने उत्पादन के साथ-साथ तकनीकी-आर्थिक मापदंडों के क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया है संयंत्र की ब्लास्ट फर्नेसों ने हॉट मेटल के उत्पादन में 426 किलोग्राम प्रति टन कोक दर प्राप्त किया जो वर्ष 2024-25 में दर्ज किए गए 432 किलोग्राम प्रति टन हॉट मेटल (टीएचएम) से बेहतर है। संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेसों (बीएफ 1-8) की उत्पादकता 2.03 टन/एमन/दिन दर्ज की गई, जो कि वर्ष 2024-25 में दर्ज 1.91 टन/एमन/दिन से अधिक है।

# रायपुर निगम ने फिर की कार्रवाई, समझाईश के बाद भी सड़क पर किया था कब्जा

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*



पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला और कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर पालिक निगम के आयुक्त विश्वदीप और यातायात एसपी अजय कुमार के निर्देशानुसार , नगर निगम नगर निवेशक आभाष मिश्रा, जोन 2 जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता नगर निवेश आशुतोष सिंह, कार्यपालन अभियंता पी. डी. धृतलहरे नगर निगम जोन 2 नगर निवेश विभाग सहित सम्बंधित यातायात पुलिस प्रशासन, मौदहापारा पुलिस थाना बल एवं नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग उड़नदस्ता नगर निवेश की टीम द्वारा राजधानी शहर नगर निगम रायपुर क्षेत्र अंतर्गत जोन 2 क्षेत्र अंतर्गत मौदहापारा सन्डे बाजार मुख्य मार्ग में टीम प्रहरी अभियान अंतर्गत बाजार क्षेत्र को अतिक्रमण से मुक्त करने व्यापक अभियान के अंतर्गत जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से सुगम और सुव्यवस्थित यातायात देने सभी फेरी वालों को पुनः जनहित में कड़ी समझाइश दी गयी कि वे सड़क पर कब्जा ना करें, अन्यथा की स्थिति में सड़क पर रखे उनके सामानों की यातायात जाम की समस्या दूर करने जनहित में सख्तीपूर्वक जब्ती कर ली जाएगी, इस स्थिति के निर्मित होने पर सम्बंधित कब्जाधारी फेरी वाले स्वतः जिम्मेदार रहेंगे ।

आज पुनः चलाये गए जनहितकारी टीम प्रहरी अभियान के अंतर्गत मगर निगम जोन 2 क्षेत्र में मौदहापारा सन्डे बाजार में गुजराती मोहल्ले के लगभग 40 फेरी वालों को एक बार पुनः जयराम काम्प्लेक्स के पीछे दो गलियों में सड़क पर कब्जा जमाकर व्यवसाय कर रहे व्यवसायियों को यातायात जाम की समस्या दूर कर व्यवस्था सुधारने नियमनुकूल कड़ाई के साथ हटाने की कार्यवाही नगर निगम जोन 2 कार्यपालन अभियंता पी. डी. धृतलहरे के मार्गनिर्देशन में की गयी।

गुजराती मोहल्ले के फेरी वालों को नियमानुसार के के रोड में मौदहापारा मस्जिद से लेकर महाबीर गौशाला तक के बीच के मार्ग में सफेद लाईन के अंदर मौदहापारा सन्डे बाजार में व्यवसाय हेतु बैठना है, किन्तु वहाँ इससे पहले से फेरी लगा रहे व्यवसायी पहले ही बैठक जाने के कारण उन्हें वहाँ बैठने स्थान नहीं मिल रहा है, इस कारण वे जयराम काम्प्लेक्स के पीछे दो गलियों में फेरी व्यवसाय करने अनाधिकृत रूप से बैठ जाते हैं और बार - बार समझाईश देने के बाद भी सड़क पर सामान रखने वाले लगभग 40 फेरी वालों को व्यवस्था सुधार हेतु कड़ाई के साथ सड़क से हटाकर सड़क को कब्जामुक्त करवाया गया।

साथ ही सम्बंधित फेरी वालों को तत्काल अपना मान्य फोटो आईडी की जानकारी मौदहापारा पुलिस थाना को देकर नगर निगम जोन 2 अथवा नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग को नियमानुसार अवगत करवाकर मौदहापारा सन्डे बाजार में स्थान देने आकर चर्चा करने की एक बार पुनः कड़ी हिदायत दी गयी. टीम प्रहरी अभियान अंतर्गत पुनः जनहित में चलाये गए अतिक्रमणरोधी अभियान से राजधानी शहर रायपुर के मौदहापारा सन्डे बाजार मार्ग क्षेत्र में मार्ग यातायात सुगम और सुव्यवस्थित हो गया और इससे आमजनों को यातायात जाम की समस्या से मुक्ति सहित त्वरित राहत प्राप्त हुई।

**खास खबर**

## महिला दिवस पर बहतराई में एक दिवसीय महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन



*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बालिकाओं एवं महिलाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्व. बी.आर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई, बिलासपुर में एक दिवसीय महिला खेल प्रतियोगिता का कल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 12 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की बालिकाओं एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता में कबड्डी, तीरंदाजी, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल तथा हॉकी खेलों का आयोजन किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में बालिका आवासीय कबड्डी अकादमी, बिलासपुर विजेता तथा बालिका आवासीय कबड्डी अकादमी, बिलासपुर उपविजेता रही। तृतीय स्थान वीर शिवाजी कबड्डी अकादमी, बिलासपुर और चतुर्थ स्थान बिलासा कन्या महाविद्यालय, बिलासपुर को प्राप्त हुआ।

तीरंदाजी प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में सुलोचना राज प्रथम, पायल मरावी द्वितीय और माया बघेल तृतीय स्थान पर रहीं। जूनियर वर्ग में नंदनी पोर्ते प्रथम, यामिनी धीवर द्वितीय तथा सिमरन खुसरो तृतीय स्थान पर रहीं। सब-जूनियर वर्ग में स्नेहा प्रथम, निकिता द्वितीय और विनीता नेताम तृतीय स्थान पर रहीं, जबकि मिनी वर्ग में एकता ध्रुव प्रथम, नेहा यादव द्वितीय तथा स्मृति नेताम तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहायक संचालक ए. एक्का, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. सुनील गौरहा, हॉकी हेड कोच अजीत ई. लकड़ा, वरिष्ठ प्रशिक्षक राकेश टोप्पो, कबड्डी प्रशिक्षक दिल कुमार राठौर, वॉलीबॉल प्रशिक्षक हरगुलशन सिंह, श्रीनिवास नायर, तीरंदाजी सहायक प्रशिक्षक एपीसी ईतवारी राज, मनमोहन पटेल सहित स्व. बीआर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महापुरुषों के जीवन और विचारों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ेगी नई पीढ़ी : मुख्यमंत्री साय

**मुख्यमंत्री ने बीएसएस प्रणवानंद स्कूल के 'कल्चरल एंड हेरिटेज म्यूजियम' का किया अवलोकन**





*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित बीएसएस प्रणवानंद स्कूल परिसर पहुंचकर भारत माता की मूर्ति तथा स्कूल के संस्थापक स्वामी प्रणवानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्कूल परिसर में स्थापित कल्चरल एंड हेरिटेज म्यूजियम का अवलोकन किया। स्कूल के सचिव स्वामी शिवरूपानंद जी महाराज ने उन्हें संग्रहालय का विस्तृत भ्रमण कराया। मुख्यमंत्री ने उत्सुकता के साथ संग्रहालय में प्रदर्शित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, ऋषि-मुनियों तथा भारत सेवाश्रम संघ द्वारा संचालित मानव कल्याण से जुड़े कार्यों और गतिविधियों की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्कूली बच्चों को भारत के समृद्ध इतिहास, ऋषि-मुनियों, महान चिंतकों, धर्म प्रवतर्कों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान से परिचित कराने की यह पहल अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि भारत की सभ्यता और संस्कृति अत्यंत प्राचीन, समृद्ध और गौरवशाली रही है, जिसे हमारे ऋषि-मुनियों, विद्वानों और महापुरुषों ने अपने ज्ञान, तप और त्याग से और अधिक समृद्ध बनाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई पीढ़ी को अपने इतिहास, संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। इससे बच्चों में अपने राष्ट्र, संस्कृति और मूल्यों के प्रति गर्व की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि बीएसएस प्रणवानंद स्कूल द्वारा स्थापित यह संग्रहालय भावी पीढ़ी को हमारे धर्म, ग्रंथों, संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का प्रेरणादायक माध्यम बनेगा। इस अवसर पर स्कूल के सचिव स्वामी शिवरूपानंद जी महाराज ने मुख्यमंत्री श्री साय को शॉल एवं स्मृति-चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया।

उल्लेखनीय है कि बीएसएस प्रणवानंद स्कूल में भारत के महान ऋषि-मुनियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले महान व्यक्तित्वों की प्रतिमाएं उनके जीवन और कार्यों की जानकारी के साथ स्थापित की गई हैं। इनमें महर्षि वेदव्यास, ब्रह्मर्षि विश्वामित्र, सुश्रुत, कणाद, आर्यभट्ट, रामानुजाचार्य, स्वामी विवेकानंद, राजा राममोहन राय, पृथ्वीराज चौहान, रानी लक्ष्मीबाई, खुदीराम बोस, महर्षि दयानंद और भगवान बिरसा मुंडा सहित अनेक महान विभूतियां शामिल हैं। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती आनन्दिता घोष, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को मिली आत्मनिर्भरता की राह



**वितरण**

## लखपति दीदी पहल के अंतर्गत 04 महिलाओं को ई-रिक्शा वितरित

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कोंडागांव जिले की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लखपति दीदी पहल के अंतर्गत चार महिलाओं को ई-रिक्शा प्रदान किया गया। बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने रविवार को मोर सुआद में जिले की चार महिलाओं को ई-रिक्शा वितरित किया गया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा भी उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक सुश्री उसेंडी एवं कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस पहल से महिलाओं को स्वरोजगार का अवसर मिलेगा और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगी।

दीदी ई-रिक्शा योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कमर्कार कल्याण मंडल में पंजीकृत हितग्राहियों को ई-रिक्शा प्रदान किया गया। इनमें ग्राम सातगांव की श्रीमती मेहन्दी बाई पाण्डे, ग्राम पंचायत दुधगांव चिखलपुटी की श्रीमती बुका कश्यप और श्रीमती सोमारी बाई तथा ग्राम संबलपुर निवासी श्रीमती मीना पटेल शामिल हैं। इस पहल से महिलाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे तथा वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगी। जिला पंचाययत के सीईओ अविनाश भोई के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन बिहान की टीम का स्वसहायता समूह की महिलाओं को शासन की महात्वाकांक्षी योजना का लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर एनआरएलएम के जिला मिशन प्रबंधक विनय सिंह, डीपीएम कुंजलाल सिंन्हा एवं दुयीधन मेघ, बीपीएम फागूराम साहू, श्रम विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# सिम्स का जन औषधि केंद्र राज्य में सर्वश्रेष्ठ घोषित, प्रोत्साहन कार्यक्रम का हुआ समापन

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र भारत सरकार की एक पहल है, जो आम जनता को ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50% से 90% कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराती है। यह योजना आम लोगों, विशेषकर गरीबों के लिए चिकित्सा खर्च को कम करने और सस्ती, सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई है। इसका उद्देश्य महंगी दवाओं के बोझ को कम करना और स्वास्थ्य सेवा में पारदर्शिता, गुणवत्ता व किफायत में सुधार लाना।

सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य के लिए सिम्स बिलासपुर में भारतीय रेडक्रास सोसाइटी द्वारा संचालित जन औषधि केंद्र को वर्ष 2024झ25 में राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ जन औषधि केंद्र घोषित किया गया। इस उपलब्धि पर कलेक्टर संजय अग्रवाल की मौजूदगी में प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित कर केंद्र से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर एवं रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ( आईएएस ) थे। श्री अग्रवाल ने कहा कि यह योजना न केवल सस्ती दवाएं प्रदान करके सार्वजनिक स्वास्थ्य में योगदान देती है, बल्कि रोजगार के अवसर भी सृजित करती है। नागरिकों को उनके चिकित्सा खर्चों पर काफी बचत करने में मदद मिलती है। अध्यक्षता सिम्स के डीन डॉ. रमनेश मूर्ति ने की। इस अवसर पर रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन डॉ. बी.एल. गोयल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शुभा गरेवाल तथा मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ.लखन सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जन औषधि केंद्र की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जन औषधि केंद्रों के माध्यम से आम नागरिकों को सस्ती और गुणवत्ता पूर्ण दवाएं उपलब्ध हो रही हैं। इससे लोगों का उपचार खर्च कम हो रहा है और स्वास्थ्य सेवाओं को भी मजबूती मिल रही है। उन्होंने केंद्र के संचालन से जुड़े सभी अधिकारियों और कमर्चारियों के कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार जनसेवा की भावना से कार्य करते रहने की अपेक्षा जताई।

# वन मंत्री कश्यप ने 83 लाख 50 हजार के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*





प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप ने शनिवार को कोंडागांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम बेतबेड़ा में 83 लाख 50 हजार रुपये की लागत से स्वीकृत 14 विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर वन मंत्री कश्यप ने कहा कि सरकार द्वारा क्षेत्र के समग्र विकास एवं मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इन कार्यों से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

वनमंत्री कश्यप ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या में महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत में प्राचीन समय से महिलाओं को सम्मान देने की समृद्ध परंपरा रही है। उन्होंने योजना के लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि इसके माध्यम से गांवों में आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाएगा। योजना के अंतर्गत अब 125 दिनों का रोजगार उपलब्ध होगा तथा मजदूरी का भुगतान 15 दिनों के भीतर किया जाएगा। इसके अलावा बेरोजगारी भत्ता का भी प्रावधान किया गया है। श्री कश्यप ने परंपरागत एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि आज हमारे पारंपरिक अनाज एवं वनोपज की मांग देश-विदेश में तेजी से बढ़ रही है, जिससे किसानों एवं ग्रामीणों को बेहतर अवसर मिल रहे हैं। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य यशोदा कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष अनीता कोर्राम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेन्द्र ठाकुर सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया।

भूमिपूजन किए गए कार्यों में ग्राम पंचायत मुंगवाल में पंचायत भवन के पास सांस्कृतिक मंच निर्माण लागत 5 लाख रूपए, ग्राम पंचायत चमई में कोकड़भाटा में जैतराम नेताम के खेत के पास 3 मीटर पुलिया निर्माण लागत 9 लाख रूपए, ग्राम पंचायत मड़ागांव में बावड़ी पटेलपारा में सांस्कृतिक भवन के पास 1.50 मीटर पुलिया निर्माण लागत 4.50 लाख रूपए, ग्राम पंचायत बेतबेड़ा में मुख्य मार्ग जाने वाले रोड में लखूराम के खेत के पास 2 मीटर पुलिया निर्माण लागत 6 लाख रुपए, ग्राम पंचायत बोरगांव अंतर्गत खंडम मार्ग में फूलसिंह के खेत के पास 1.5 मीटर पुलिया निर्माण लागत 4.50 लाख रूपए, ग्राम पंचायत बोटीकनेरा अंतर्गत मांझीपारा फरसू घर के पास 1.50 मीटर पुलिया निर्माण लागत 4.50 लाख रुपए, ग्राम पंचायत मड़ानार के बड़ेपारा में सामुदायिक भवन निर्माण लागत 5 लाख रुपए, ग्राम पंचायत हथकली के हासेल में मुख्य मार्ग से गोट गोंदी पारा मानू खेत के पास 2 मीटर पुलिया निर्माण लागत 6 लाख रुपए, ग्राम पंचायत तुमड़ीवाल में आलवाड़पारा के बीच 2 मीटर पुलिया निर्माण लागत 6 लाख रुपए, ग्राम पंचायत कुधूर में मुख्य मार्ग से चंडेला मार्ग में 2 मीटर पुलिया निर्माण लागत 6 लाख रुपए, ग्राम पंचायत मटवाल में जटानाथ घर के पास 2 मीटर पुलिया निर्माण लागत 6 लाख रूपए, ग्राम पंचायत बड़े कुरूषनार के पुरन बेड़ापारा मार्ग में चिंतु लोहार घर के पास 3 मीटर पुलिया निर्माण लागत 9 लाख रूपए, ग्राम पंचायत मूलनार में इन्द्रू यादव के घर के पीछे 2 मीटर पुलिया निर्माण लागत 6 लाख रुपए तथा ग्राम पंचायत नवागांव के खोड़सानार में पीलू घर के पास 2 मीटर पुलिया निर्माण लागत 6 लाख रुपए के कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 'मैं भारत हूं' थीम पर भव्य रैली, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

**महिलाओं का सम्मान**

## 2000 से अधिक महिलाओं की ऐतिहासिक भागीदारी, रायपुर में गूंजा राष्ट्रभक्ति और नारी शक्ति का संदेश

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

**भारत की अविरल संस्कृति और सभ्यता को आगे बढ़ाने वाली भारत की महिलाएं हैं -उपमुख्यमंत्री**



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर में 'मैं भारत हूं' थीम पर भव्य बाइक-स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। मातृशक्ति की ऐतिहासिक भागीदारी से सजी इस रैली में 2000 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया और राष्ट्रभक्ति, अनुशासन तथा महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया। यह रैली अपनी विशिष्टता और व्यापक सहभागिता के कारण गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज की गई।

रैली का शुभारंभ माँ काली मंदिर से हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक वंदे मातरम् गान के साथ हुई। इसके बाद अखिल भारतीय धमर्जागरण समन्वय कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव और श्रीमती विभा अवस्थी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली का नेतृत्व महिला पुलिस कमियों के अनुशासित दस्ते ने किया, जिसके पीछे हजारों महिलाएं हाथों में तिरंगा लिए उत्साहपूर्वक आगे बढ़ीं। यह रैली माँ काली मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए श्रीराम मंदिर, वीआईपी चौक पर संपन्न हुई। रास्ते भर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. भारवि वैष्णव और सह-संयोजिका तथा नगर निगम पार्षद डॉ. अनामिका सिंह के नेतृत्व में पूरे आयोजन का सफल संचालन किया गया।

समापन समारोह में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी शामिल हुए। उन्होंने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि समाज में यातायात नियमों का पालन करने का संदेश देने के लिए आज महिलाओं ने जो स्कूटी रैली निकाली वह गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हो गयी है यह हमारे लिए गर्व का विषय है। उन्होंने अपने जीवन में अपनी बुआ अपनी मां अपनी पत्नी जैसी सशक्त महिलाओं के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि महिलाएं पुरुषों से अधिक सहनशील और ज्यादा मजबूत होती हैं।

उन्होंने स्वामी विवेकानंद के प्रेरक प्रसंग को याद करते हुए कहा कि यदि आज भारत की संस्कृति शाश्वत है, इस अविरल संस्कृति और सभ्यता को कोई आगे लेकर जाने वाला है तो वह भारत की महिलाएं हैं। अगर जीजा बाई ना होती तो शिवाजी का अस्तित्व नहीं होता और कौशल्या माता के संस्कार से ही तो भगवान श्री राम का अस्तित्व है। हर कामियाब व्यक्ति के पीछे महिला का हाथ होता है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शासन की योजनाओं का लाभ लेकर लखपति दीदी से करोड़पति दीदी तक का सफर तय कर रहीं हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ करने का भी कार्य कर रही हैं। महिलाओं के संकल्प के आगे कोई टिक नहीं सकता आज नक्सलावाद के नासूर को जड़ से मिटाने के लिए दिन रात पहाड़ों में रहकर कार्य करने वाली पुलिस विभाग की महिलाओं का भी उन्होंने अभिनंदन किया।

गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के अधिकृत उद्घोषक सोनल शर्मा ने घोषणा करते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक संदेश देने और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित यह स्कूटी रैली गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल की गई है, जो रायपुर और पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। अखिल भारतीय धमर्जागरण विभाग के प्रमुख राजेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि संगठित मातृशक्ति ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति और संस्कृति की संरक्षक है। वहीं बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में अग्रणी है और यह आयोजन महिलाओं के आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का प्रतीक है।

आयोजन की संयोजिका डॉ. भारवि वैष्णव ने कहा कि रायपुर की सड़कों पर उमड़ा मातृशक्ति का यह जनसैलाब भारतीय नारी के राष्ट्रप्रेम और समर्पण का प्रमाण है। वहीं डॉ. अनामिका सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण तभी पूर्ण है जब नारी मानसिक और सामाजिक रूप से सशक्त हो। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देने के लिए पुलिस प्रशासन और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विभिन्न महिला संगठनों ने इस आयोजन में सहभागिता की और सभी प्रतिभागियों को हेलमेट भी प्रदान किया गया। सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और आदर्श नागरिक कर्तव्यों के पालन का संकल्प लिया। हाथों में तिरंगा और 'भारत माता की जय' के उद्घोष के साथ संपन्न हुई यह रैली महिला शक्ति, संस्कार और आत्मविश्वास का प्रेरक उदाहरण बन गई।

# मुख्यमंत्री साय से जापान दूतावास के राजनीतिक मामलों के मंत्री आबे नोरिआकि ने की सौजन्य मुलाकात



*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से छत्तीसगढ़ विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय कक्ष में जापान दूतावास के राजनीतिक मामलों के मंत्री श्री आबे नोरिआकि ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों के बीच छत्तीसगढ़ में औद्योगिक निवेश, आर्थिक सहयोग तथा विकास की संभावनाओं को लेकर सार्थक चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री आबे नोरिआकि का शॉल ओढ़ाकर तथा भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर अपनी जापान यात्रा का जिक्र करते हुए श्री आबे को प्रदेश सरकार की नई औद्योगिक नीति, निवेश को प्रोत्साहित करने वाली नीतियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य में उद्योगों के विकास के लिए बेहतर आधारभूत संरचना, प्रचुर प्राकृतिक संसाधन और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है, जिससे निवेशकों को आकर्षक अवसर प्राप्त हो रहे हैं। इस अवसर पर विधायक किरण देव एवं विधायक सुशांत शुक्ला उपस्थित थे।

## संपादकीय

# हर गलत काम तब होता है जब मिलता है संरक्षण

**कौन नहीं जानता है कि हर तरह का गलत काम सत्ता व प्रशासन के एक हिस्से के संरक्षण के बिना नहीं हो सकता। हर गलत काम करने वाला भी कोई भी गलत काम तब ही शुरू करता है जब उसे आश्वासन मिलता है कि हम हैं न। सत्ता व प्रशासन का एक हिस्सा किसी भी राजनीतिक दल की सरकार रहे,उसका संरक्षण हर तरह के गलत काम करने वालों को मिलता है यही वजह है कि सरकार किसी भी राजनीतिक दल की रहे हर तरह का गलत काम होता रहता है। चाहे सट्टा हो,अवैध शराब हो,ड्रग्स का धंधा हो,गांजा, अफीम का धंधा हो किसी भी राजनीतिक दल की सरकार हो, यह धंधा कभी बंद नहीं होता है,कम जरूर होता है ऊपरी लेबल से दबाव पड़ता है कि कार्रवाई करो, कार्रवाई के चलते धंधा कुछ दिन बंद रहता है, बाद में शुरू हो जाता है। ऐसे तमाम धंधे जिसमें बहुत ज्यादा कमाई है,उसे सब मिलजुलकर ही चलाते हैं क्योंकि आज लोगों को ज्यादा पैसा जल्द से जल्द चाहिए। ज्यादा से ज्यादा पैसा जल्द तो गलत तरीके से ही कमाया जा सकता है। कभी कभार कोई पकड़ा जाता है तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए लेकिन लोगों को आश्चर्य होता है कि ओहो फलाने सरकार के समय ऐसा धंधा भी किया जा रहा था।**

दुर्ग जिले के समोदा गांव में अफीम की खेती का खुलासा हुआ है। सब चकित हैं कि छत्तीसगढ़ में ऐसा भी हो सकता है,सबसे ज्यादा चकित लोग इस बात से हैं कि भाजपा नेता ऐसा कर रहा था। धंधा कितना भी गलत हो, अगर उसमें बहुत पैसा मिलता है तो नेता किस पार्टी का यह मायने नहीं रखता है, वह तो किसी भी पार्टी का हो सकता है और हर उस पार्टी में ऐसे गलत काम करने वाले नेता जरूर होते हैं या ऐसे नेता होते हैं जो गलत काम करने वालों के संरक्षण देते हैं और प्रशासन से संरक्षण दिलाते भी हैं। रेत माफिया, भूमाफिया, खनिज माफिया, गांजा, शराब माफिया, सट्टा माफिया, ड्रग्स माफिया, राशन माफिया हमेशा रहते हैं तो इसलिए रहते कि राजनीतिक दल के नेता व अफसर इनको मरने नहीं देते हैं। वह तो राजनीतिक दलों के नेताओं व अफसरों के लिए कमाऊ पूत होते हैं। यही लोग तो पार्टी फंड व बड़े अफसरों के लिए पैसा जुटाते है,पिछली सरकार में ऐसे कमाऊ पूतों ने पहली बार हजारों करोड़ रुपए कमा कर एक राजनीतिक दल के नेताओं और अफसरों को दिए थे।

समोदा गांव में अफीम की खेती बिना नेताओं के संरक्षण व अफसरों के संरक्षण तो हो नहीं सकती। ऐसा भी नहीं हो सकता कि इस खेती की बात आसपास के लोगों को मालूम न हो। उस फार्म हाउस में आने वाले नेताओं को मालूम न हो। फार्म हाउस में काम करने वालों को मालूम न हो। अफीम की खेती का काम अगर बरसों से चल रहा था यह साफ हो जाता है कि वतर्मान में जो सरकार है और पहले जो सरकार रही है,उसके समय से इस काम को करने वालों को सत्ता व प्रशासन का संरक्षण मिलता रहा है। कोई नहीं मान सकता कि इतना बड़ा काम बिना सत्ता व प्रशासन के संरक्षण हो सकता है। बरसों से इसका खुलासा नहीं हुआ तो इसकी वजह यह हो सकती है कि बाहरी लोगों का प्रवेश खेती वाले इलाके में नहीं होता था। बरसों बाद खुलासा भी ऐसे हुआ है कि वाट्स अप पर बच्चों की अफीम की खेती का फोटो डाल दी। यानी खुलासा बड़ों से नहीं हुआ है बच्चों से अनजाने में हुआ है। बड़े अपराध का खुलासा कभी कभी इसी तरह छोटी से बात से हो जाता है। इस बार यही हुआ है।

भाजपा ने अफीम की खेती के मामले में भाजपा नेता का नाम सामने आने पर उसे निलंबित कर दिया है। वह यही कर सकती थी और उसने यह कर दिया है।इससे साफ है कि भाजपा के बड़े नेताओं को भी नहीं मालूम रहता है कि उनकी पार्टी में जितने सदस्य हैं, वह क्या करते हैं, क्या कर रहे हैं।सदस्य बनाते वक्त कोई भी राजनीतिक दल यह कहां देखता है कि जिसे सदस्य बनाया जा रहा है या किसी संगठन का पदाधिकारी बनाया जा रहा है,वह क्या करता है। सदस्य बनाने का मतलब तो बस संख्या से रहता है। संख्या में सबसे बड़ी पार्टी भाजपा है तो बड़ी पार्टी में धोखे से अफीम का धंधा करने वाले नेता बन जाते हैं,पद पा जाते है तो कांग्रेस नेताओं को तो बोलने का मौका मिल जाता है कि कमल फूल वाली पार्टी के नेता अब अफीम का फूल खिला रहे हैं।वह भूल जाते हैं कि यदि अफीम की खेती दुर्ग जिले में लंबे समय से हो रही है तो यह भी हो सकता है कि कांग्रेस के समय से ही हो रही हो। तब क्या यह माना जाए कि कांग्रेस के समय से भाजपा नेता को अफीम की खेती के लिए सत्ता व प्रशासन का संरक्षण मिलता था।सरकार व जिला,पुलिस प्रशासन के लिए के लिए यह चिंता की बात होनी चाहिए कि अफीम की खेती करने वाला भाजपा नेता निकलता है, गांजा तस्करी पुलिस के आरक्षक करते हैं। गांजा जब्त किया जाता है तो वह दो आरक्षकों का निकलता है।कई घोटालों में अफसरों का नाम भी सामने आते हैं।गलत काम नेता व अफसर करते हैं और बदनामी सरकार की होती है।

### सू- दोकू क्र.337

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.336 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

# विदेशी सैलानियों के लिए आकर्षण का नया केन्द्र बन रहा छत्तीसगढ़



*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

**प्राकृतिक सौंदर्य, समृद्ध जनजातीय संस्कृति, घने वन, झरनों की कलकल ध्वनि और ऐतिहासिक धरोहरों से परिपूर्ण छत्तीसगढ़ अब धीरे-धीरे अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बना रहा है। वर्ष 2025 के दौरान कुल 820 विदेशी पर्यटकों ने छत्तीसगढ़ की यात्रा की, जो यह संकेत देता है कि राज्य की अनछुई प्राकृतिक संपदा और सांस्कृतिक विविधता विदेशी सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। राज्य सरकार और छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा विकसित की जा रही आधुनिक पर्यटन सुविधाएँ तथा बेहतर होती सुरक्षा व्यवस्था आने वाले समय में विदेशी पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावनाओं को और मजबूत कर रही है।**

छत्तीसगढ़ को पर्यटकों का स्वर्ग कहा जाता है, क्योंकि यहाँ प्रकृति और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। चित्रकोट और तीरथगढ़ जैसे भव्य जलप्रपात, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान की जैव विविधता, सिरपुर और रतनपुर जैसे ऐतिहासिक-धार्मिक स्थल, बस्तर की अद्वितीय जनजातीय परंपराएँ और लोकनृत्य, सरगुजा के पवर्तीय क्षेत्र तथा जशपुर की शांत और हरित वादियाँ विदेशी सैलानियों को एक अलग अनुभव प्रदान करती हैं। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ उन पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है, जो प्रकृति के करीब रहकर स्थानीय संस्कृति को समझना चाहते हैं।

राज्य सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। प्रमुख पर्यटन स्थलों तक बेहतर सड़क संपर्क, पर्यटक सूचना केंद्रों की स्थापना, होटल और होम-स्टे सुविधाओं का विस्तार, पर्यटक मार्गदशर्कों का प्रशिक्षण, डिजिटल प्रचार-प्रसार तथा बुनियादी सुविधाओं के विकास जैसे प्रयासों से पर्यटकों को अधिक सुगम और सुरक्षित अनुभव मिल रहा है। इसके साथ ही राज्य में ग्रामीण पर्यटन, ईको-टूरिज्म और सांस्कृतिक पर्यटन को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे स्थानीय समुदायों को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं।

बस्तर क्षेत्र विदेशी सैलानियों के लिए अत्यंत संभावनाशील पर्यटन गंतव्य के रूप में उभर रहा है। यहाँ के प्राकृतिक जलप्रपात, घने वन, राष्ट्रीय उद्यान, आदिवासी जीवन शैली और प्रसिद्ध बस्तर दशहरा जैसे सांस्कृतिक आयोजन विश्वभर के पर्यटकों के लिए अनूठा अनुभव प्रस्तुत करते हैं। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान की जैव विविधता, चित्रकोट जलप्रपात की भव्यता और तीरथगढ़ की प्राकृतिक सुंदरता बस्तर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान देते हैं। चित्रकोट फॉल्स के पास तीर्था गांव में प्रीमियम लक्जरी टेंट सिटी प्रस्तावित है। चित्रकोट इंडिजिनस नेचर रिट्रीट नामक एक व्यापक प्रस्ताव पर्यटन मंत्रालय को प्रस्तुत करने के लिए तैयार किया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य चित्रकोट को एक वैश्विक स्तर की प्रकृति और संस्कृति गंतव्य के रूप में पुनर्विकसित करना है। राज्य सरकार की इन योजनाओं से बस्तर आने वाले वर्षों में विदेशी पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण का केन्द्र होगा।

बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था में आए सकारात्मक बदलाव भी पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। बस्तर अब नक्सलवाद से मुक्त होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और क्षेत्र में शांति एवं विकास का नया वातावरण निर्मित हो रहा है। बेहतर सुरक्षा, सड़क संपर्क और पर्यटन सुविधाओं के विस्तार से न केवल देशी बल्कि विदेशी पर्यटकों का विश्वास भी बढ़ रहा है। इससे आने वाले समय में बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद है।

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र की मेंटर एवं हिवा कोचिंग एंड कंसल्टिंग की संस्थापक सुश्री किर्सी ह्यवैरिनेन की बस्तर की छह दिवसीय यात्रा ने भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ पर्यटन की संभावनाओं को नई पहचान दिलाई है। उन्होंने बस्तर की जनजातीय संस्कृति, प्राकृतिक सौंदर्य और स्थानीय समुदायों की जीवन शैली की सराहना करते हुए इसे विश्व के लिए एक अनूठा पर्यटन अनुभव बताया। इस प्रकार की अंतरराष्ट्रीय यात्राएँ और सकारात्मक अनुभव विदेशों में छत्तीसगढ़ की छवि को और मजबूत करेंगे तथा भविष्य में अधिक विदेशी सैलानियों को आकर्षित करने में सहायक होंगे।

सरगुजा और जशपुर क्षेत्र भी विदेशी सैलानियों के लिए अपार संभावनाएँ समेटे हुए हैं। सरगुजा के पवर्तीय वन क्षेत्र, मैनपाट का शांत और मनोहारी वातावरण, जशपुर की हरित घाटियाँ तथा वहाँ की प्राकृतिक जैव विविधता प्रकृति प्रेमी पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करती है। इन क्षेत्रों में ईको-टूरिज्म और एडवेंचर टूरिज्म की संभावनाएँ भी तेजी से विकसित हो रही हैं, जिससे विदेशी पर्यटकों के लिए नए अनुभवों के द्वार खुल रहे हैं। छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार, पर्यटन मेलों में भागीदारी, डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से प्रचार तथा पर्यटन अवसंरचना के विकास जैसे कई कदम उठा रही है। साथ ही, स्थानीय संस्कृति, हस्तशिल्प, लोकनृत्य और पारंपरिक उत्सवों को पर्यटन से जोड़कर छत्तीसगढ़ को एक विशिष्ट सांस्कृतिक पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ विदेशी सैलानियों के लिए एक नया और आकर्षक पर्यटन केंद्र बनेगा। प्राकृतिक संपदा, सांस्कृतिक विविधता, बेहतर होती सुविधाएँ और सुरक्षित वातावरण मिलकर राज्य को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाने की दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं।




# छत्तीसगढ़ की महिलाएँ गढ़ रहीं हैं नया कीतिर्मान








*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में महिला सशक्तिकरण की प्रेरक तस्वीर सामने आ रही है। शासन की योजनाओं, विशेषकर बिहान मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना और महतारी वंदन योजना के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं और आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं।

सरगुजा जिले में महिला सशक्तिकरण का एक अनूठा मॉडल सामने आया है। प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े निर्माण कार्यों ने महिलाओं के लिए नए व्यवसायिक अवसर पैदा किए हैं। जिले की 650 से अधिक महिलाएं सेंट्रिंग प्लेट व्यवसाय से जुड़ी हैं और 1000 से अधिक सेंट्रिंग प्लेट सेटों का संचालन कर रही हैं। इसके अलावा 271 महिलाएं ईंट निर्माण और कई महिलाएं सीमेंट-छड़ व्यवसाय से जुड़कर नियमित आय अर्जित कर रही हैं। जिले में 319 महिलाएं ह्यलखपति दीदीह्न बनकर आर्थिक सशक्तिकरण की मिसाल बन चुकी हैं।

धमतरी जिले में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महतारी वंदन महिला सम्मान उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और स्व-सहायता समूहों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की विशेषता यह होगी कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बस्तर से धमतरी जिले की महिलाओं के साथ द्विमार्गीय संवाद करेंगे।

रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम तालगांव की श्रीमती गायत्री यादव महिला सशक्तिकरण का प्रेरक उदाहरण बनकर उभरी हैं। बिहान योजना से जुड़कर उन्होंने न केवल अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की, बल्कि आठ पंचायतों की महिलाओं को भी स्व-सहायता समूहों और विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इसी तरह बालोद जिले के गुरूर विकासखंड के ग्राम कर्रेझर में स्थापित महतारी सदन ग्रामीण महिलाओं के लिए सशक्तिकरण का नया केंद्र बन गया है। यहां महिलाएं संगठित होकर बैठक, प्रशिक्षण और अपने उत्पादों के भंडारण एवं विक्रय की सुविधाओं का लाभ ले रही हैं, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो रही है।

प्रदेश के विभिन्न जिलों में महिलाओं की ये उपलब्धियां यह दर्शाती हैं कि शासन की योजनाओं और महिलाओं की मेहनत से छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक बदलाव आ रहा है और महिलाएं विकास की मुख्य धारा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र भैरमगढ़ के अंकित सकनी ने रचा इतिहास



*नई दृष्टिबिंदु / बीजापुर*

**नक्सल प्रभावित क्षेत्र भैरमगढ़ के निवासी अंकित सकनी ने संघ लोक सेवा आयोग सिविल सेवा परीक्षा 2025 में 816वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन किया है। सीमित संसाधनों और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपने परिश्रम, धैर्य और संकल्प के बल पर यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्री रामविचार नेताम और विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने अंकित के इस सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।**

आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री बोरा ने चर्चा के दौरान बताया कि 24 वर्षीय अंकित सकनी का जन्म 04 जुलाई 2001 को ग्राम गुडमा, तहसील कुतु, जिला बीजापुर में हुआ। उनके पिता का नाम चंद्रिया सकनी तथा माता का नाम जमुना सकनी है। प्रारंभिक शिक्षा उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर भैरमगढ़ में कक्षा 1 से 5 तक प्राप्त की। इसके बाद कक्षा 6 से 8 तक अलोंस पब्लिक स्कूल तथा कक्षा 9 से 12 तक कृष्णा पब्लिक स्कूल रायपुर में अध्ययन किया, जहां उनका चयन विभाग की जवाहर उत्कर्ष योजना के अंतर्गत हुआ था। आगे की पढ़ाई उन्होंने भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से बीटेक (2018-2022) के रूप में पूरी की।

स्नातक के बाद वर्ष 2022 से अंकित लगातार यूपीएससी की तैयारी में जुटे रहे। उन्हें यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद विभाग द्वारा उन्हें एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई थी। इस आर्थिक सहयोग ने उन्हें मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार की तैयारी में महत्वपूर्ण सहायता दी, जिसका परिणाम अब अंतिम चयन के रूप में सामने आया है। अंकित सकनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के संघर्ष और सहयोग को दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने उन्हें सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने अंकित सकनी को इस ऐतिहासिक सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि विभाग की योजनाएं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के प्रतिभाशाली युवाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। अंकित सकनी की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे बस्तर क्षेत्र और देश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन गई है। इसी तरह धमतरी निवासी डायमंड सिंह ध्रुव को भी यूपीएससी की परीक्षा में बड़ी सफलता मिली हैं। डायमंड सिंह ध्रुव वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन में डीएसपी के पद पर पदस्थ है। वे आदिम जाति विकास विभाग के जवाहर उत्कर्ष योजना के तहत 6वीं से 12वीं तक वर्ष 2010 से 2017 तक रेडियड पब्लिक स्कूल से पढ़ाई की है।

## मां की लगन और आंगनबाड़ी की मेहनत रंग लाई

बीजापुर जिले के ग्राम तोयनार की दो वर्षीय बालिका श्रृष्टि कुड़ियम आज स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ा रही है। एक समय गंभीर कुपोषण की श्रेणी में आने वाली श्रृष्टि को अब सामान्य श्रेणी में लाने में सफलता मिली है। यह बदलाव आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सतत प्रयास, स्वास्थ्य विभाग की निगरानी और माता मालती कुड़ियम की जागरूकता का परिणाम है। श्रृष्टि को कुपोषित पाए जाने के बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने नियमित रूप से उसके घर जाकर माता को पौष्टिक आहार, स्वच्छता और बच्चों की देखभाल के संबंध में समझाइश दी। गृह भेंट के दौरान संतुलित भोजन, साफ-सफाई और बच्चों को समय पर पोषण देने की जानकारी दी गई, जिससे परिवार में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ी। बेहतर उपचार के लिए श्रृष्टि को पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) बीजापुर में भर्ती कराया गया, जहां 14 दिनों तक चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की निगरानी में उसका उपचार किया गया।

# मिसाल बना चटौद, लखपति ग्राम के रूप में मिली नई पहचान

*नई दृष्टिबिंदु / धमतरी*

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर धमतरी जिले के विकासखंड कुरूद अंतर्गत ग्राम पंचायत चटौद ने महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण आजीविका के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के प्रभावी क्रियान्वयन और महिलाओं की मेहनत से यह गांव आज 'लखपति ग्राम' के रूप में उभरकर सामने आया है।

आरसेटी द्वारा किए गए सर्वेक्षण और डिजिटल आजीविका रजिस्टर के आंकड़ों के अनुसार गांव के स्व-सहायता समूहों से जुड़ी 220 महिलाओं की वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक दर्ज की गई है। इस उपलब्धि का थर्ड पार्टी वेरिफिकेशन भी कराया गया, जिसके बाद चटौद को आधिकारिक रूप से 'लखपति ग्राम' के रूप में मान्यता मिली।

बिहान मिशन के तहत महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर उद्यमिता,



कौशल विकास और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। प्रशिक्षण, वित्तीय साक्षरता और योजनाओं के मार्गदर्शन से महिलाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी विकसित हुई। गांव की महिलाएं अब कृषि के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य पालन, सब्जी उत्पादन और कृषि आधारित लघु उद्योगों से भी जुड़ी हैं। इसके अलावा चटौद स्थित गणेशा फायरवर्क्स इकाई में लगभग 100 महिलाओं को रोजगार मिला है, जहां वे पर्यावरण अनुकूल ग्रीन फायरवर्क्स का निर्माण कर रही हैं। महिलाओं को एंटरप्राइज लोन और सामुदायिक निवेश कोष जैसी सुविधाओं से भी सहायता मिली है। आज चटौद की 'लखपति दीदियाँ' आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनकर ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण की प्रेरक मिसाल बन गई हैं।

### बन्सुला बसना की भोजवती साहू की प्रेरक कहानी



**महासमुंद।** बसना विकासखंड के ग्राम बन्सुला की निवासी श्रीमती भोजवती साहू की जिंदगी पति के निधन के बाद मुश्किलों से भरी हो गई थी। घर की सारी जिम्मेदारियां उनके कंधों पर आ गईं, और सबसे बड़ी चिंता बच्चों के भविष्य को लेकर थी। इसी दौर में उन्हें महतारी वंदन योजना के बारे में जानकारी मिली। हर महीने मिलने वाली 1000 रुपये की सहायता उनके लिए वरदान साबित हुई। श्रीमती भोजवती ने इस राशि का समझदारी से उपयोग किया और एक छोटी सी किराना दुकान शुरू की। दुकान में बिस्कुट, नमकीन, साबुन, तेल जैसी रोजमर्रा की जरूरी चीजें रखीं।

शुरुआत में हिचकिचाहट थी, लेकिन धीरे-धीरे ग्राहक बढ़े और आमदनी होने लगी। योजना की मदद से दुकान को और विस्तार दिया गया। आज यह दुकान न केवल परिवार की आर्थिक जरूरतें पूरी कर रही है, बल्कि दोनों बच्चों को अच्छे स्कूल में पढ़ाई का अवसर भी दे रही है। श्रीमती भोजवती कहती हैं, जब मेरे बच्चे पढ़ते हैं और मुस्कुराते हैं, तो लगता है जैसे मेरे पति की आत्मा भी खुश हो रही होगी। मैंने हार नहीं मानी, और आज खुद पर गर्व महसूस करती हूं। यह सिर्फ 1000 रुपये नहीं, मेरी उम्मीद, ताकत और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का आधार था।



# रोमांस के बाद पर्दे पर खतरनाक एक्शन दिखाएंगे अहान पांडे

अहान पांडे ने पहली ही फिल्म से शानदार शुरुआत की। बीते साल आई 'सैयारा' ने जबर्दस्त कमाई की। डेब्यू फिल्म के बाद अहान अली अब्बास जफर की फिल्म में नजर आएंगे। इसमें वे एक्शन का दम दिखाएंगे और इसके लिए अपनी फिजीक पर बहुत मेहनत कर रहे हैं। यशराज फिल्म्स की ब्लॉकबस्टर 'सैयारा' के बाद अहान की दूसरी फिल्म के शूट को लेकर अपडेट सामने आया है।

### कब से शुरू होगी शूटिंग?

अली अब्बास जफर की फिल्म में अहान पांडे के अलावा शरवरी भी नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अहान इस साल मार्च के आखिरी हफ्ते में मुंबई में इस एक्शन रोमांस फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। अहान के साथ फिल्म की लीडिंग लेडी शरवरी भी शूटिंग शुरू करेंगी। टीम का प्लान है कि पहला शेड्यूल मुंबई में लगभग एक महीने के बीच शूट किया जाए।

### लंदन में करेंगे बड़े एक्शन सीन

फिलहाल अहान की इस फिल्म का टाइटल तय नहीं है। इस फिल्म के लिए वे इंटेंस वर्कआउट सेशन कर रहे हैं। एक्टर को कई बार जिम के बाहर फैंस से मिलते हुए देखा गया है और इसके कई वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। कहा जा रहा है कि अहान पांडे स्टारर इस फिल्म में जबर्दस्त एक्शन शेड्यूल है। लंदन में शूटिंग मई 2026 में शुरू होने की उम्मीद है, जहां अहान पांच दिनों में एक बड़े एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग करेंगे।

### कब रिलीज हो सकती है फिल्म?

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अहान पांडे अली अब्बास जफर निर्देशित इस फिल्म में अपने किरदार के लिए ट्रेनिंग भी ले रहे हैं। इसमें फाइट की इंटेंस प्रैक्टिस और हथियार चलाने की ट्रेनिंग शामिल है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में वह अपने रोमांटिक डेब्यू के मुकाबले बिल्कुल नए और अलग एक्शन वाले अवतार में दिखेंगे। इस प्रोजेक्ट की शूटिंग जुलाई 2026 तक पूरी करने की तैयारी है और इसे अगले साल तक सिनेमाघरों में रिलीज करने का प्लान है।



# इंडस्ट्री में एक्ट्रेसेस पर परफेक्शन का दबाव होता है

अक्सर फिल्मों में कुछ किरदार ऐसे होते हैं जो कम समय के लिए आते हैं, लेकिन दर्शकों के दिल में गहरी छाप छोड़ जाते हैं। संदीपा धर द्वारा निभाए गए किरदार इन्हीं बातों का शानदार उदाहरण हैं। अपनी पहली फिल्म 'इसी लाइफ में' से लेकर 'दो दीवाने शहर में' तक, उन्होंने कई तरह के रोल निभाए। इंटरव्यू में संदीपा ने कहा कि अपने किरदारों के जरिए वह आज की महिलाओं की उस सच्चाई को सामने रखती हैं, जिस पर अक्सर खुलकर बात नहीं होती। इसके अलावा, उन्होंने इंडस्ट्री में परफेक्शन के दबाव के बीच खुद को कैसे तनावमुक्त रखती हैं, इस पर भी अपने विचार रखे।

आईएएनएस से बात करते हुए संदीपा ने अपने शुरुआती दिनों को याद किया और कहा, 'उस समय इंडस्ट्री को लेकर मेरी समझ सीमित थी, लेकिन जुनून काफी था। पहली फिल्म के दौरान मिली पहचान और अवॉर्ड नॉमिनेशन ने मुझे आत्मविश्वास दिया, मगर साथ ही जिम्मेदारी का एहसास भी कराया। समय के साथ मैंने समझा कि हर अवसर बड़ा नहीं होता, लेकिन हर अवसर महत्वपूर्ण हो सकता है।''

उन्होंने कहा, ''करियर के दौरान ऐसे भी मौके मिले, जब स्क्रीन पर समय कम था। लेकिन मेरा मानना है कि किरदार की सच्चाई और प्रस्तुति ही असली फर्क पैदा करती है। दर्शक अभिनय की प्रामाणिकता को महसूस करते हैं, चाहे भूमिका छोटी हो या बड़ी। यही सोच मुझे हर प्रोजेक्ट को समान गंभीरता से लेने के लिए प्रेरित करती है।''

संदीपा ने कहा, ''इंडस्ट्री में प्रतिस्पर्धा और तुलना आम बात है, और कई बार कलाकार खुद को कमतर महसूस करने लगते हैं। मुझे भी ऐसे दौर से गुजरना पड़ा। लेकिन इस अनुभव ने मुझे सिखाया कि बाहरी मान्यता से ज्यादा जरूरी आत्म-स्वीकृति है। इंडस्ट्री में परफेक्शन का दबाव बहुत होता है। लुक्स, फिटनेस और सोशल मीडिया पर इमेज... इन सबके बीच खुद को संतुलित रखना आसान नहीं होता। लगातार यह सुनना कि आपको और बेहतर दिखना चाहिए या और बदलना चाहिए, आत्मविश्वास को प्रभावित करता है। इसलिए मैंने खुद को स्वीकारने की हिम्मत जुटाई।''

संदीपा ने आगे डांस को अपने जीवन का अहम हिस्सा बताया। उन्होंने कहा, ''मैं एक ट्रेंड डांसर हूं और आज भी किसी मजबूत कहानी वाली डांस-आधारित फिल्म का इंतजार कर रही हूं। मेरे लिए डांस केवल कला नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति का माध्यम है, जिसने मेरे अभिनय को भी समृद्ध बनाया है।''



# अजय देवगन और अक्षय कुमार की 'गोलमाल 5' की शूटिंग शुरू?

रोहित शेट्टी की फिल्म 'गोलमाल 5' में हाल ही में अजय देवगन, अरशद वारसी, कुणाल खेमू और श्रेयस जैसे सितारों से सजी स्टार कास्ट में अक्षय कुमार का नाम जुड़ने की खबर सुर्खियों में थी। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। फिल्म में अब एक साउथ एक्ट्रेस के जुड़ने की भी जानकारी सामने आई है। खबर के अनुसार, 'गोलमाल 5' की शूटिंग शुरी हो चुकी है और पहले शेड्यूल में ज्यादातर मुख्य कलाकार मौजूद थे। अजय देवगन भी जल्द ही शूटिंग में शामिल हो जाएंगे। 'गोलमाल 5' की शूटिंग कहां शुरू हुई है, इसकी जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है।

### 'गोलमाल 5' से जुड़ी साउथ एक्ट्रेस?



'गोलमाल 5' की टीम में एक नया चेहरा जुड़ गया है। जानकारी के अनुसार, दक्षिण भारतीय अभिनेत्री प्रियामणि अब 'गोलमाल 5' में नजर आएंगी। प्रियामणि साउथ की लोकप्रिय अभिनेत्री हैं। बहरहाल, प्रियामणि का रोल क्या होगा, ये अभी सीक्रेट है, लेकिन उन्होंने अपनी शूटिंग शुरू कर दी है। पहला शेड्यूल करीब एक महीने चलेगा।

### अक्षय भी होंगे फिल्म का हिस्सा

पहले से ही खबर थी कि अक्षय कुमार भी फिल्म में होंगे। वो अजय देवगन और उनके गैंग के साथ कॉमेडी में धमाल मचाएंगे। पुराने कलाकार जैसे अरशद वारसी, तुषार कपूर, कुणाल खेमू, श्रेयस, जॉनी लीवर, संजय मिश्रा, मुकेश तिवारी और अश्विनी कालसेकर भी वापस आ रहे हैं। लेकिन शायद करीना कपूर खान इस बार फिल्म में नहीं होंगी।


### गोलमाल सीरीज

'गोलमाल' सीरीज की पहली फिल्म 2006 में आई थी और अब ये 20 साल पूरे कर रही है। चार फिल्मों से इसने 600 करोड़ से ज्यादा कमाए हैं। 'गोलमाल 5' को अब तक की सबसे बड़ी और शानदार फिल्म बताया जा रहा है। यह फिल्म 2027 की शुरुआत में रिलीज होने वाली है।

### प्रियामणि के बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स

प्रियामणि ने कई चर्चित बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स में काम किया है, जिनमें वेब सीरीज 'द फैमिली मैन' और शाहरुख खान के साथ फिल्म 'जवान' शामिल है। इसके अलावा उन्होंने फिल्म 'आर्टिकल 370' में भी अभिनय किया है। वह हिंदी सिनेमा में 'चेन्नई एक्सप्रेस' (डांस नंबर) और मणिरत्नम की फिल्म 'रावण' (कैमियो) का भी हिस्सा रही हैं।

# 15 मई को रिलीज होगी सामंथा रुथ प्रभु की 'मां इंटी बंगारम'




अपनी शादी के बाद सामंथा रुथ प्रभु जल्द पर्दे पर वापसी को तैयार हैं। वे अपनी आगामी फिल्म 'मां इंटी बंगारम' को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसका टीजर बीते दिनों रिलीज हुआ था। अब एक नए पोस्टर के साथ फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया गया है।

### मई में दस्तक देगी सामंथा की फिल्म

सामंथा रुथ की फिल्म 'मां इंटी बंगारम' इस साल मई में रिलीज होगी। एक्ट्रेस ने आज इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म का नया पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ रिलीज डेट का खुलासा किया है। यह फिल्म 15 मई 2026 को रिलीज हो रही है। सामंथा ने कैप्शन लिखा है, 'इस गर्मी में थिएटर में मिलते हैं। 'मां इंटि बंगाराम' दुनियाभर में बड़े स्तर पर रिलीज होगी'।

### पति राज निदिमोरू ने किया प्रोड्यूस


सामंथा की फिल्म 'मां इंटी बंगारम' का निर्माण सामंथा के पति राज निदिमोरु ने किया है, जबकि फिल्म का निर्देशन नंदिनी रेड्डी ने किया है। नंदिनी और सामंथा की जोड़ी 'ओह! बेबी' के बाद दोबारा साथ में लौटी है। सामंथा के साथ फिल्म में गुलशन देवैया और दिगंथ मुख्य भूमिकाओं में हैं।

### दर्शकों को पसंद आया था टीजर

फिल्म के टीजर में दिखाया गया था कि एक महिला (सामंथा) अपने पति के साथ ससुराल पहुंचती है। वह आत्मविश्वास से वादा करती है कि एक हफ्ते के भीतर वह उनका दिल जीत लेगी। एक आदर्श बहू बनने की कोशिश में वह एक पूरी तरह से कमीशन जांच शुरू कर देती है। हालांकि, वह अपने ससुराल वालों के सामने मासूम और शांत दिखती है। टीजर में सामंथा को एक दमदार एक्शन रोल में दिखाया गया है। उन्हें अकेले ही गुंडों को ढेर करते, भीषण गोलीबारी में शामिल होते और बाद में लाशों को ठिकाने लगाकर खून-खराबे को छिपाते हुए देखा जा सकता है। टीजर शेयर करते हुए सामंथा ने कैप्शन में लिखा, 'यह गोल्ड बेहद बोल्ड है।' टीजर दर्शकों को काफी पसंद आया।



# शैतान वाले रोल ने मेरे शरीर को पूरा निचोड़ लिया



**गुजराती सिनेमा का जाना-पहचाना चेहरा बन चुकीं ऐक्ट्रेस जानकी बोड़ीवाला अब बॉलिवुड में भी अपने कदम मजबूत कर रही हैं। गुजराती फिल्म वश में जबरदस्त अभिनय के लिए नैशनल अवॉर्ड जीतने वाली जानकी अजय देवगन-आर माधवन स्टारर शैतान के बाद हाल ही में रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी 3 में भी अहम रोल में नजर आईं।**

### डॉक्टर बनते-बनते ऐक्टर कैसे बन गई

मेरे पापा को फिल्मों का बहुत क्रेज है तो मैंने भी बचपन से ही खूब बॉलिवुड फिल्में देखी हैं। हमारे घर पर एक मिनी थिएटर था, जो अभी भी है। हमारे घर पर हर शुक्रवार को फिल्मों की स्क्रीनिंग होती थी। जब मैं बोर होती थी तो भी कोई ना कोई डीवीडी चला लेती थी तो जाने-अनजाने में सिनेमा के साथ मेरा रिश्ता बचपन से था। ऐक्टिंग की शुरुआत भी पापा के कहने से ही हुई। मैं डेंटिस्ट की फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रही थी। ब्रेक चल रहा था। पापा ने बोला कि उनके कोई दोस्त फिल्म बना रहे हैं, तुम ऑडिशन देने जाओगी?

### वश और फिर उसकी हिंदी रीमेक शैतान में आपकी भूमिका बहुत ही डिमांडिंग है। उसे निभाना कितना चुनौतीपूर्ण रहा?

मुश्किल तो निश्चित तौर पर था। मुझे एक ही किरदार दूसरी बार निभाना था। पहली बार तो मुझे भी अहसास नहीं था कि फिल्म कैसी बन रही है। मुझे याद है कि जब हम शूट कर रहे थे तो एक बार 10-15 दिन का ब्रेक मिला था और मैं काफी अपसेट थी कि यार, सब अच्छा जा रहा है, मेरा लिंक टूट जाएगा लेकिन दूसरे-तीसरे दिन मुझे बॉडी में बहुत थकान महसूस हुई।

### 'मर्दानी 3' की दुनिया भी काफी स्याह है। गर्ल चाइल्ड ट्रैफिकिंग जैसी घटनाओं के बारे में पढ़कर-सुनकर क्या प्रतिक्रिया होती है?

गुस्सा आता है, डर लगता है। जब भी हम ऐसा कुछ पढ़ते या सुनते हैं, रूह कांप जाती है क्योंकि कई बार लड़कियों संग बहुत ही भयावह घटनाएं होती हैं। इसलिए, जरूरी है कि हम स्ट्रॉन्ग रहें। मर्दानी उदाहरण है कि आज के दौर में औरत कैसी होनी चाहिए। मुझे लगता है कि आज की पीढ़ी की लड़कियां बहुत स्ट्रॉन्ग हैं। वे ऐसी कोई सिचुएशन आई तो अपने लिए खड़ी रहेंगी।

### वैसे आज की पीढ़ी यानी जेन जी के लिए ऐसा भी कहा जाता है कि वे अपने काम/जॉब आदि के लोग गंभीर नहीं हैं। आपकी इस पर क्या राय है?

दरअसल, जेन जी से पहले की जो पीढ़ी है, वो इतनी सीरियस रह चुकी है कि उनको लगता है कि जेन जी सीरियस नहीं है। लेकिन यह वो पीढ़ी है, जो अपनी जिंदगी खुशी-खुशी जी रही है, जैसा कि आपको जीना चाहिए। जेन जी युद्ध या झगड़ों में नहीं मानते।

### रानी से पहली मुलाकात कैसी रही?

जब नैशनल अवॉर्ड अनाउंस हुआ था तो हम आधी फिल्म शूट कर चुके थे। उसके बाद जब हम सेट पर मिले तो एक छोटा सा जश्न भी मनाया। एक-दूसरे को बधाई दी। यह बहुत ही बड़ी बात थी हम दोनों एक ही फिल्म कर रहे थे और हम दोनों को एक ही साल में नैशनल अवॉर्ड मिला। यह बहुत ही खास पल था। इसके बाद उन्होंने मेरी फिल्म वश देखी, जो उन्हें बहुत पसंद आई। वैसे, हमारी पहली मुलाकात तो रीडिंग के दौरान ही हो गई थी। असल जिंदगी में भी वह मुझे अपने किरदार शिवानी जैसी ही लगीं। प्रेरणादायी, उत्साही, मजबूत, उनसे मिलकर एक प्रेरणा मिली। फिर उनके साथ पहली बार स्क्रीन शेयर करके बहुत मजा आया था। मैंने बचपन से उन्हें अलग-अलग करैक्टर निभाते हुए देखा था तो उनके साथ काम करना यादगार रहा।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बाल संप्रेक्षण गृह दुर्ग में हुई जागरूकता कार्यशाला

*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*




अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह, दुर्ग में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के आदेश के पालन में तथा मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा के प्रेरणादायी विचारों से प्रेरित होकर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश, अधिवक्ता, महिला पुलिस कर्मी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस कार्यशाला का उद्देश्य महिला कर्मचारियों, महिला पुलिस, अधिवक्ताओं तथा मितानिनों के योगदान को रेखांकित करना तथा उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। साथ ही महिला सशक्तिकरण के प्रति समाज में जागरूकता को बढ़ावा देना भी इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य रहा।

कार्यक्रम के दौरान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, दुर्ग ने अपने संबोधन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं के अधिकारों एवं सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विधिक प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 का उल्लेख करते हुए कहा कि यह कानून महिलाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण प्रदान करने तथा उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार सुनिश्चित करता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी.), दुर्ग ने अपने संदेश में कहा कि महिलाओं का सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर सुनिश्चित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त की कुछ पंक्तियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के अधिकार और कर्तव्यों को समझाया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सक्रिय सहभागिता से समाज और न्याय व्यवस्था अधिक संवेदनशील एवं सशक्त बनती है। साथ ही उन्होंने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर दुर्ग अधिवक्ता संघ की महिला प्रतिनिधि ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान, अधिकारों और समान अवसरों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है और अधिवक्ता समुदाय महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के अंत में सभी न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महिला सम्मान और समानता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह के सदस्यों द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गुलाब का फूल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही महिला दिवस की थीम "Give to Gain" को प्रदर्शित करने के लिए एक सेल्फी जोन भी तैयार किया गया इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलवी, दुर्ग जिले की मितानिनें, अधिवक्ता तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## युवा मोर्चा अध्यक्ष ने डीईओ से की मुलाकात



*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

आरटीई के तहत स्वामी आत्मानंद विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया के लिए जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष सौरभ जायसवाल ने जिला शिक्षा अधिकारी से विस्तार पूर्वक एवं सार्थक चर्चा की। जिसका लाभ आने वाले समय में सभी जरूरतमंदों को मिल सके।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 3 की नई टीम का गठन, महिलाओं को भी दी गई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी



*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य व विधायक देवेंद्र यादव की अनुशंसा और वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी-3 की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 3 के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के अनुमोदन पश्चात नई टीम की सूची जारी की गई।

ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने बताया कि नई कार्यकारिणी में संगठन के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है, ताकि संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिल सके। साथ ही इस नई टीम में महिला कार्यकर्ताओं को भी विशेष रूप से स्थान दिया गया है, जिससे संगठन में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण और नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रही है। नई कार्यकारिणी में महिलाओं को शामिल करना उसी सोच का हिस्सा है। ब्लॉक अध्यक्ष ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि सभी पदाधिकारी संगठन की मजबूती और जनहित के मुद्दों को लेकर पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ कार्य करेंगे तथा कांग्रेस पार्टी की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## महिला दिवस पर HMGM मोदी ग्रुप ने किया पंडवानी गायिका तीजन बाई का भव्य सम्मान



**भिलाई।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के पावन अवसर पर HMGM मोदी ग्रुप के अध्यक्ष लोकेश पांडे के नेतृत्व में नारी शक्ति, संस्कृति और समाज में महिलाओं के अमूल्य योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध पांडवानी लोक गायिका तीजन बाई जी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। तीजन बाई ने अपनी अद्वितीय कला और गायन शैली के माध्यम से छत्तीसगढ़ की पारंपरिक पांडवानी लोककला को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। कार्यक्रम में HMGM मोदी ग्रुप के सदस्यों ने उन्हें शॉल, श्रीफल एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके स्वास्थ्य उपचार के लिए अपनी ओर से एक छोटी सी आंशिक सहयोग राशि भी प्रदान की। कार्यक्रम में समिति के सदस्य विनय टंडन, राजेश कुमार, समीर, रवि, तरुण, आयुष, हितेश, शिवांत, जतिन, शेषु, इनायत, हिमांशु, पलक, बल्ला सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महापौर, पूर्व सांसद व कलेक्टर ने शहर के प्रमुख विकास कार्यों का किया निरीक्षण

### अधिकारियों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

*नई दृष्टिबिंदु / राजनांदगांव*



शहर के विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने राजनांदगांव शहर में प्रस्तावित एवं निर्माणाधीन विभिन्न परियोजनाओं का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से और तय समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने शहर के प्रमुख जलाशयों बूढ़ासागर और रानीसागर का निरीक्षण किया तथा उपलब्ध बजट प्रावधान के अनुरूप इनके सौंदर्यीकरण के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि इन ऐतिहासिक जलाशयों के सौंदर्यीकरण से शहर की सुंदरता और पर्यटन संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा।

महापौर, पूर्व सांसद और कलेक्टर ने गौरव पथ में निर्माणाधीन नालंदा परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। राजनांदगांव शहर में प्रस्तावित 2000 सीटर अत्याधुनिक ऑडिटोरियम के निर्माण के लिए कुंज विहार कॉलोनी स्थित कृष्ण कुंज के पास प्रस्तावित स्थल का भी अवलोकन किया गया।

उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र कार्य योजना तैयार कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए, ताकि शहर को एक आधुनिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए उपयुक्त मंच मिल सके। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में चल रहे जीर्णोद्धार कार्यों और टर्फ की स्थिति का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली और इसे निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कोमल सिंह राजपूत, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम गौतम पाटिल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## निमर्ला के जीवन में महतारी वंदन योजना से आया सकारात्मक बदलाव

*नई दृष्टिबिंदु / राजनांदगांव*

जिले के छुरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम कुमरदा निवासी श्रीमती निमर्ला कोलियारे के जीवन में महतारी वंदन योजना से सकारात्मक बदलाव आया है। श्रीमती निमर्ला ने बताया कि राज्य शासन द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना से उन्हें आर्थिक संबल मिला है, जिससे वे अपने परिवार की जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा कर पा रही हैं।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत 10 मार्च 2024 से उन्हें प्रतिमाह 1000 रूपए की सहायता राशि प्राप्त हो रही है। इस राशि ने उनके जीवन में नई उम्मीद जगाई है। उन्होंने इस राशि का उपयोग अपनी बिटिया के उज्जवल भविष्य के लिए करने का निर्णय लिया। श्रीमती निमर्ला ने बताया कि अपनी बिटिया के नाम से उन्होंने सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता खुलवाया। पहले आर्थिक तंगी के कारण वे वर्ष में केवल 1 हजार रूपए ही जमा कर पाती थी, लेकिन अब महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि से वे प्रतिमाह 500 रूपए कुल प्रतिवर्ष 6000 हजार रूपए जमा कर पा रही है।

इससे उन्हें अपनी बेटी की शिक्षा और भविष्य को लेकर अब काफी भरोसा मिला है। इसके साथ ही अब वे अपने परिवार के लिए पौष्टिक फल और सब्जियां भी खरीद पा रही है, जिससे परिवार के स्वास्थ्य में सुधार आया है। श्रीमती निमर्ला कोलियारे ने बताया कि महतारी वंदन योजना उनके जैसी अनेक महिलाओं के लिए वरदान से कम नहीं है। यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर और जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## विकास कार्यों के लिए मिली 27 लाख 60 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**राजनांदगांव।** मुख्य कायर्पालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 27 लाख 60 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम दर्री में अटल सद्भावना भवन निर्माण के लिए 15 लाख एवं शेड निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रूपए तथा ग्राम अरसीटोला में सीसी रोड निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सीईओ जिला पंचायत ने निर्माण एजेंसियों को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

## नारी शक्ति, आत्मविश्वास व सहनशीलता का प्रतीक : चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी



*नई दृष्टिबिंदु / कवर्धा*

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर पालिका परिषद कवर्धा के सभाकक्ष में आयोजित महिला सम्मान समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने अपने टीम के साथ स्वच्छता दीदीयों का आरती कर पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। उन्होनें सभाकक्ष में साथ बैठकर नास्ता किया तथा नारी शक्ति की महानता के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किया व जिस जगह में बैठे रहे वहां जाकर उनका सम्मान करते हुए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई व शुभकामनाएं देकर पैर छूकर प्रणाम किया।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रवंशी ने कहा कि नारी शक्ति, साहस, आत्मविश्वास, प्रेम, त्याग, और सहनशीलता का प्रतीक है नारी समाज की नींव है और उसका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है सभी महिलायें काबिल और मेहनती हैं। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कई प्रावधान किये हैं। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में महतारी वंदन योजना के साथ साथ अनेक योजनाएं लागू की गई है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा और हौसला देता है। मातृ शक्ति ने हर क्षेत्र में खुद को साबित किया है और अपनी क्षमता और प्रतिभा के बल पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराया है।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि महिलायें आज के समय पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। महिला दिवस का दिन हमें नारी की हर छोटी-बड़ी लड़ाई को सम्मान देने और उनके सपनों को पंख देने का मौका देता है। आज का दिन महिलाओं द्वारा समाज में दिए गए योगदान, उनके संघर्ष तथा उनके सामने आने वाली चुनौतियों की याद दिलाता है। इस दिन उन्हें यह एहसास कराया जाता है कि वह हमारे लिए कितनी खास हैं। अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पार्षद अजय ठाकुर, बिहारी राम धुर्वे, योगेश चंद्रवंशी, सौखी आहिरवार, डोनेश राजपूत, दीपक सिन्हा सहित अधिक संख्या में महिला दीदी उपस्थित रहे है।

## ऐतिहासिक अल्फा क्लासिक्स फिटनेस एक्सपो में इनामों की बौछार



**प्रतियोगिता**

### महापौर जीवर्धन, एसएसपी शशिमोहन व पत्रकार रामचन्द्र के आतिथ्य में बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता संपन्न

*नई दृष्टिबिंदु / रायगढ़*

नगर निगम ऑडिटोरियम में आयोजित छत्तीसगढ़ का सबसे भव्य फिटनेस एक्सपो और चैंपियनशिप अल्फा क्लासिक्स सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन में देश-विदेश के दिग्गज बॉडीबिल्डर्स ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर दशर्कों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रायगढ़ के महापौर जीवर्धन चौहान उपस्थित रहे, जिन्होंने विजेताओं को पुरस्कृत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में एसएसपी शशि मोहन सिंह और जिला क्रिकेट संघ के सचिव व वरिष्ठ पत्रकार रामचन्द्र शर्मा ने भी शिरकत की और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। अपने उद्बोधन में महापौर जीवर्धन ने ऐसे कार्यक्रमों को खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण बताया। एसएसपी शशि मोहन ने खेलकूद के आयोजन को एक प्रकार की पुलिसिंग का हिस्सा बताया। जिसके चलते बच्चे गलत दिशा में नहीं जाते हैं। विशिष्ट अतिथि रामचन्द्र शर्मा ने कहा कि खेलकूद के चलते बच्चे निराशा के भंवर से बचे रहते हैं। नशा आदि की तरफ नहीं जाते हैं।

इस विशाल आयोजन को सफल बनाने में आगाज एक नई पहल संस्था और टीम अल्फा क्लासिक्स का विशेष योगदान रहा। आयोजन समिति में प्रमुख रूप से आगाज एक नई पहल संस्था से, मोनिका इजदार, राजेंद्र साहू, प्रकाश जायसवाल, जय चौहान और लकी राठौर। टीम अल्फा क्लासिक्स से- सुमित इजदार, विजय चौहान और उनकी पूरी टीम ने दिन-रात मेहनत कर इस इवेंट को यादगार बनाया।

### 25 लाख रुपये के इनाम और दिग्गज जज

में 25 लाख रुपये तक की इनामी राशि बांटी गई। विजेताओं का चयन फिटनेस इंडस्ट्री के मशहूर जजों— अफरोज खान, संलाप साहा, जाह्नवी पांडव, विद्या साल्वे और अमित कुमार भुइयां द्वारा किया गया। 1 मार्च को दोपहर 1 बजे से शुरू हुए इस महाकुंभ में रायगढ़ के फिटनेस प्रेमियों का जबरदस्त हुजूम उमड़ा। आयोजकों ने बताया कि अल्फा क्लासिक्स ने छत्तीसगढ़ में फिटनेस के क्षेत्र में एक नया बेंचमार्क सेट किया है।

# मीडिया के क्षेत्र में इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं को काम करते हुए देख कर सुखद अनुभूति - भूपेश बघेल

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व मीडिया के क्षेत्र में काम करने वाली महिला पत्रकारों का सम्मान कांग्रेस संचार विभाग द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, राज्य सभा सदस्य फूलोदेवी नेताम, पूर्व मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने शाल एवं मोमेंटो देकर महिला पत्रकार बहनों का सम्मान किया।

इस अवसर पर उद्बोधन देते हुये पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मीडिया के क्षेत्र में इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं को काम करते हुए देख कर सुखद अनुभूति होती है। पहले के जमाने में प्रिंट मीडिया में पूरे रायपुर में तीन-चार महिला पत्रकार ही दिखती थी। यह बड़ी उपलब्धि है कि आज रिपोर्टिंग और एंकरिंग दोनों ही स्थानों पर महिलाओं ने अपनी जगह बनाई है। आज की नारी सशक्त हो गयी है। कांग्रेस पार्टी लगातार चार वर्षो से महिला पत्रकारों का सम्मान करते आ रही है। आप सबका यहां आना कांग्रेस के लिए गौरव का क्षण है। आजादी के समय से पत्रकारिता और पत्रकारों की अहम भूमिका रही है। आप सबका देश के नवनिर्माण लोकतंत्र को बचाने में बड़ी भूमिका है। महिला पत्रकारों के सम्मान की परंपरा आगे बढ़ाने के लिए संचार विभाग को बधाई।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में काम करना महिलाओं के लिये बड़ी चुनौती है आप सब इस चुनौती को बखूबी निभा रही है। आम सबको सम्मानित करके हमें खुशी हो रही है। विपक्ष के रूप में हमें मीडिया से विशेष संरक्षण की अपेक्षा रहती है। महिला पत्रकार देश के लोकतंत्र को संरक्षित एवं सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आम आदमी की आवाज पत्रकार होते है, आपका काम कठिन है, घर एवं काम में सामंजस्य बना कर जनता की सेवा करना महत्वपूर्ण है। हम सब आप को सेल्यूट करते है।

### महिला दिवस : कांग्रेस ने किया महिला पत्रकारों का कलम वीरांगना सम्मान




राज्यसभा सदस्य फूलोदेवी नेताम ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में महिला पत्रकार है यह देख कर सुखद आश्चर्य हो रहा है। महिला दिवस पर महिला पत्रकारों के सम्मान की यह परंपरा केवल छत्तीसगढ़ में देखने को मिलती है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिलाओं का सम्मान करती है। महिला पत्रकार देश के सामने एक मिसाल है जो अपनी कर्मठता से समाज की रक्षा करती है। खबरों की दुनिया में अपना मुकाम बनना बड़ी चुनौती है। जिसका आप सबने सामना किया है। कांग्रेस संचार विभाग को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई देती हूं।

प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि आप सबका सम्मान ग्रहण करने आना कांग्रेस के लिए बड़ी उपलब्धि है। महिला पत्रकार बहनें समाज में नारी की सशक्तीकरण का बड़ा उदाहरण है। पत्रकार के रूप में आपकी कर्मठता समाज के लिए प्रेरणा है। कांग्रेस संचार विभाग आपको सम्मानित करके खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

कार्यक्रम में ज्योति ठाकुर, सोनल भारद्वाज, शगुप्ता शिरीन, सुप्रिया पांडे, निधि प्रसाद, निशा द्विवेदी, तहसिन नाज, सोमा देवांगन, रजनी ठाकुर, तनु वर्मा, चित्रा पटेल, करिश्मा सोनी, मोनिका दुबे, तृप्ति सोनी, दामिनी बंजारे, रश्मि डोलिया, रसिका पाण्डेय, रिया साहू, अंबिका मिश्रा, किरण नायक, विनय त्रिवेदी, जिज्ञासा चंद्रा, रेखा क्रिस्टाफर, पूनम रितु सेन, शबनम यजमानी, सुधा बाघ, सीमा दुबे, प्राची पांडेय, पुष्पांजली साहू, वर्षा यादव, गुलेश पाल, मनीषा त्रिपाठी, वर्षा नामदेव, प्रियांशा लोजरस, फानिया देवांगन, शुभांगी सिंह, पूजा गुप्ता, आरती बेनिया, अंजली देवांगन, सोना राजपूत, ज्योति राव, रेणु तिवारी, आंकाक्षा दुबे, नेहा श्रीवास्तव, श्वेता शर्मा, शोभा यादव, छाया जायसवाल, श्वेता राय, महिमा पाण्डेय, सुरभि वर्मा, रूची निर्मलकर, साधना पाण्डेय, दिव्या टंडन, शारदा काछी, आहना पुंज, राजश्री थवाईत, पदमा कुलदीप, सारिका श्रीवास्तव, यशी राजे, तान्या देवांगन, पूजा पुजारा, वंशिका शाओके, रश्क गौरी खान, इफत खान, योगिता वाजपेयी, छाया चौधरी, सृष्टि पांडेय, खुशी अंसारी, रिचा सहाय, मुस्कान साहू, वाणी मिश्रा, लिंकी साहू, शिवानी शेरके, हेमा गोस्वामी, नौशिन परविन, कुमुद मिश्रा, सरस्वती गुरंग, मधुमिता पाल, अंकिता शर्मा, रितु अहिरवार, कुसुम बघेल, लेखिका सिन्हा, महिमा वर्मा, शकुंतला तरार, रत्ना पांडेय, सोमा सिंह, सोनाली शर्मा, निवेदिता साहू, अनुराधा गुप्ता, कंचन यादव, लिंकी साहू, अचर्ना साहू, श्रुति जांगड़े, दीपांजली साहू, कृतिका त्रिवेदी, सुष्मिता राय, खुशबू ठाकरे, सिमरन मिश्रा, रीमा मिश्रा, रानी कन्नौजे, सुष्मिता श्रीवास्तव, निमर्ला भारती, श्रेया घोसले, अनुषा श्रीवास्तव, प्रगति वाजपेयी, अपर्णा संचेती, पल्लवी ठाकुर, करूणा कुर्रे, का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता वंदना राजपूत एवं वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, आभार वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, वरिष्ठ नेता महेन्द्र छाबड़ा, डॉ. राकेश गुप्ता, शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, ग्रामीण अध्यक्ष पप्पू बंजारे, अशोक राज आहूजा, प्रवक्ता सत्यप्रकाश सिंह, अजय गंगवानी, प्रकाश मणी वैष्णव, सौरभ साहू, ऋषभ चंद्राकर, शिल्पा देवांगन, नीता लोधी, दीप्ति दुबे उपस्थित थे।

# दुर्ग अफीम कांड: 'आप' ने जिला प्रशासन और भाजपा सरकार को घेरा; हाई कोर्ट के जज से जांच की मांग

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

आम आदमी पार्टी (आप) जिला दुर्ग की टीम ने आज समोदा गांव में करोड़ों रुपये की अफीम की खेती के खुलासे पर प्रदेश की भाजपा सरकार और जिला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्टी पदाधिकारियों ने जिलाधीश के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर इस पूरे प्रकरण की जांच हाई कोर्ट के सिटिंग जज की कमेटी से कराने की मांग की है।

मेहरबान सिंह ने कहा, "8 करोड़ रुपये की अफीम की खेती कोई एक दिन का खेल नहीं है। यह महीनों की मेहनत का नतीजा है। जब शासन-प्रशासन धान खरीदी के लिए एक-एक एकड़ खेत का सर्वे कर रहा था, तब उन्हें यह अफीम क्यों नहीं दिखी? यह इंटेलिजेंस और जिला प्रशासन की हिमालयी विफलता है।"

## "ड्रोन की आंखें सिर्फ धान देखती हैं क्या?" - जसप्रीत सिंग

भिलाई विधानसभा के प्रतिनिधि आप नेता जसप्रीत सिंग ने सरकार की तकनीक पर सवाल उठाते हुए कहा कि जो सरकार ड्रोन सर्वे का ढिंढोरा पीटती है, वह अफीम की लहलहाती फसल क्यों नहीं पहचान पाई? उन्होंने मांग की कि: पिछले 5 वर्षों में उक्त खसरा नंबर पर कौन सी फसल दर्ज थी और उसका भुगतान किसे किया गया, इसकी बैंक डिटेल्स सार्वजनिक हों। क्या ड्रोन के सॉफ्टवेयर में सिर्फ धान की पहचान फीड की गई है?

## "सफेदपोशों को बचाने की साजिश" - मनीष मिश्रा

दुर्ग शहर के वरिष्ठ नेता मनीष मिश्रा ने कहा ने पुलिसिया कारर्वाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिन 5-6 लोगों को पकड़ा गया है, वे केवल



'मोहरे' हैं। इस अवैध धंधे के पीछे सत्ताधारी दल के रसूखदार नेताओं का संरक्षण है। छोटे लोगों को पकड़कर बड़े 'मगरमच्छों' को बचाने की कोशिश की जा रही है, जो आम आदमी पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी।

**प्रमुख मांगें:** न्यायिक जांचः हाई कोर्ट के न्यायाधीश की निगरानी में निष्पक्ष जांच कमेटी गठित हो। इंटेलिजेंस ऑडिटः स्थानीय पुलिस और खुफिया विभाग की संदिग्ध भूमिका की जांच हो।

संपत्ति की जांचः पिछले 5 वर्षों में उस भूमि से जुड़े संदिग्ध बैंक खातों और भुगतान की कड़ियां जोड़ी जाएं। आंदोलन की चेतावनीः आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उच्च स्तरीय जांच शुरू नहीं हुई, तो पार्टी इस मुद्दे को लेकर सड़क पर उतरेगी और पूरे जिले में उग्र आंदोलन करेगी। उपस्थित सदस्यः आज के प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के दौरान मेहरबान सिंह, मनीष मिश्रा, सोनू यादव, मुकेश, सुजाता, के. ज्योति, सूरज, छवि देवांगन, सूरज साहू, जसप्रीत एवं अन्य कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### अफीम की खेती साफ, नष्टीकरण के लिए दिल्ली से परमिशन का इंतजार



दुर्ग के जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र के समोदा में विनायक ताम्रकार की अफीम की खेती साफ कर दी गई है। पुलिस ने जिला प्रशासन की मदद से नव आरक्षकों और मनरेगा में काम करने वाली महिलाओं की मदद से दो दिनों में ही 5 एकड़ से ज़्यादा में अफीम की खेती उखाड़ फेंकी। 4 ट्रैक्टरों में भरकर अफीम के पौधो को सुरक्षित रखा गया है जिसके बाद उसे नष्ट किया जाएगा। दिल्ली में पर्यावरण विभाग से मंजूरी मिलते ही एक पैनल के सामने इसे नष्ट किया जाएगा। दूसरी ओर इस मामले में विनायक ताम्रकार समेत तीन आरोपी गिरफ्तार हो चुके है और दो फरार आरोपियों की तलाश जारी है

# बालोद-बेमेतरा जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप




*नई दृष्टिबिंदु / बालोद-बेमेतरा*

बालोद जिले के सत्र न्यायालय भवन और बेमेतरा जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से जिले में सनसनी फैल गई। धमकी भरा मेल सत्र न्यायालय की आधिकारिक साइट पर आया। मेल मिलने के बाद तुरंत बेमेतरा जिला न्यायालय और तहसील कार्यालय खाली करा दिए गए। पुलिस और डॉग स्क्वाड की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। जांच अभी जारी है और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बालोद में धमकी मिलने के बाद न्यायालय परिसर और आसपास के इलाकों में पूरी तरह चाक-चौबंद व्यवस्था कर दी गई है। जयस्तंभ चौक को चारों तरफ से सील कर दिया गया और चप्पे-चप्पे पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। सुरक्षाकर्मी हर आने-जाने वाले पर कड़ी नजर रख रहे हैं।

## अफीम की अवैध खेती : कांग्रेस ने उठाए कई सवाल, 12 को जिला भाजपा कार्याल का घेराव




**दुर्ग।** जिले के ग्राम समोदा में अफीम के अवैध खेती मामले में दुर्ग जिला भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष और प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा संयोजक (राईस मिल प्रसंस्करण प्रकल्प) विनायक ताम्रकार की संलिप्तता ने पूरे प्रदेश में हलचल मचा दी है। जिससे इस आपराधिक मामले ने अब राजनीतिक तुल पकड़ लिया है। इस मामले को लेकर सोमवार को दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने राजीव भवन (कांग्रेस भवन) में प्रेसवार्ता ली और मामले से जुड़े कई सवाल उठाए।

श्री ठाकुर ने शासन व प्रशासन पर भी कई आरोप लगाए है। उन्होने मामले की उच्च स्तरीय जांच कर घटना की पूरी हकीकत सार्वजनिक करने शासन-प्रशासन से मांग की है। दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने ग्राम समोदा में करीब 10 एकड़ क्षेत्र में अफीम की अवैध खेती के मामले को नशे के कारोबार का बड़ा मामला बताया है। उन्होने कहा है कि दुर्ग समेत प्रदेश के युवाओं को नशे से बर्बाद होने नहीं दिया जाएगा। इसे लेकर कांग्रेस हर मोर्चे पर लड़ाई लड़ेगी।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश के हर जिले में 12 मार्च को जिला भाजपा कार्यालय का घेराव किया जाएगा। यह घेराव-प्रदर्शन दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में भी किया जाएगा और अफीम की अवैध खेती मामले के खिलाफ आवाज बुलंद की जाएगी। इस दौरान दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर के साथ दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, भिलाई कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री दीपक दुबे, कांग्रेस नेता अजय शर्मा, विशाल देशमुख, ब्लॉक अध्यक्ष आनंद कपूर ताम्रकार, प्रवक्ता नासिर खोखर, मोहित वाल्दे व अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे। दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि प्रदेश में सुखा नशा अपराध का कारण है। दुर्ग में अफीम की खेती का सामने आया यह मामला बेहद गंभीर विषय है।

# भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त कार्यकारिणी की प्रथम बैठक, पार्टी की रीति-नीति पर चलने का संकल्प

## अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने सभी को "पार्टी का गमछा" पहनकर किया सम्मानित

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*



वरिष्ठ नेताओं ने सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा

भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त कार्यकारिणी की प्रथम बैठक रविवार, 8 मार्च को उज्जवल मंगल भवन ,कोहका में हुई। नई कार्यकारिणी ने वरिष्ठ नेताओं के समक्ष पार्टी की रीति नीति पर चलने का संकल्प लिया। पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व राज्य मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव धर्मेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल की उपस्थिति में अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का "पार्टी का गमछा" पहनाकर स्वागत किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का दिन था तो पूर्व गृह मंत्री श्री साहू ने कार्यकारिणी के सभी महिला पदाधिकारियों को सर्वप्रथम सम्मानित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने अपने उद्बोधन से किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के दिशा निर्देश और विचार विमर्श के बाद, काफी प्रयास से उन्होंने नई कार्यकारिणी का गठन किया है। कार्यकारिणी का एक-एक सदस्य अपने आप में लीडर है। हम सभी को कंधे से कंधा मिलाकर काम करना है तभी कांग्रेस मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पार्टी की कार्यशैली में परिवर्तन को लेकर दिशा निर्देश मिलते रहते हैं। इसकी समय समय पर आप लोगों को जानकारी दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि पार्टी की ओर से स्पष्ट निर्देश था कि नई कार्यकारिणी में युवाओं और महिलाओं की सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करनी है। उसी दिशा निर्देश के तहत वरिष्ठ लोगों के साथ-साथ कार्यकारिणी में युवाओं और महिलाओं को महत्व दिया गया है। हम अपने वरिष्ठो को विश्वास दिलाते हैं कि उनकी तरफ से जो भी दिशा निर्देश मिलेंगे हम सभी उसका निष्ठा एवं ईमानदारी से पालन करेंगे। श्री चंद्राकर ने पदाधिकारियों से आव्हान किया कि वह किसी प्रकार का विवादित बयान या पोस्टर, सोशल मीडिया पर ना डालें। अपनी एनर्जी कांग्रेस को मजबूत करने में लगाएं।

पूर्व गृहमंत्री श्री साहू ने इस अवसर पर नई कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में भिलाई शहर जिला कांग्रेस न केवल मजबूत होगा बल्कि सफलता का एक नया आयाम स्थापित करेगा।

उन्होंने नई कार्यकारिणी का आह्वान किया कि हम सभी को कांग्रेस की रीति नीति पर चलते हुए कार्य करना है। हर दो-तीन माह में कार्यों की समीक्षा की जाएगी कि जिन्हें पद सौंपा गया है वह अपनी जिम्मेदारी पर कितना खरा उतर रहे हैं। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी से जो भी हमें दिशा निर्देश मिलेंगे उसका सख्ती से पालन करना है ताकि हम अपने विरोधियों के समक्ष पूरी मजबूती के साथ खड़े रहे।

बैठक को पूर्व राज्य मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव धर्मेंद्र यादव और महापौर नीरज पाल ने भी संबोधित किया तथा नई कार्यकारिणी को बधाई और शुभकामनाएं दीं। तत्पश्चात कार्यकारिणी के नए पदाधिकारियों और सदस्यों को वरिष्ठ नेताओं ने नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कायर्कारिणी के सभी पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। सभी ने वरिष्ठ नेताओं के साथ सामूहिक फोटो खिंचवाई। तत्पश्चात स्वल्पाहार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन पूर्व पार्षद सूर्यकांत सिन्हा ने किया।

गौरतलब है कि नवंबर-दिसंबर माह में भिलाई, भिलाई-तीन, रिसाली और जामुल नगर पालिका का चुनाव होना है। इसे सत्ता का सेमीफायनल माना जाता है। इस लिहाज से कांग्रेस मैदानी तैयारी में जुट गई है। संगठन को नया आकार दिया गया है और पदाधिकारियों को एकजुट होकर काम करने की हिदायत दी गई है।

## भाजपा नेता सुरेश डुलानी का निधन, मुख्यमंत्री साय ने जताया दु:ख

**रायपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश डुलानी के निधन की खबर ने राजनीतिक और सामाजिक गलियारों में शोक का माहौल बना दिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस दुःखद घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और इस कठिन समय में शोक संतप्त परिवार को धैर्य और संबल प्रदान करें। सुरेश डुलानी का निधन पार्टी और राज्य की राजनीति के लिए एक बड़ी क्षति है। सुरेश डुलानी ने अपने राजनीतिक जीवन में भाजपा के विभिन्न स्तरों पर सक्रिय भूमिका निभाई और पार्टी के विकास एवं जनता के हित में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके निधन से राज्यभर में भाजपा कार्यकर्ताओं और जनता में शोक की लहर दौड़ गई है। राज्य में कई नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी उनके निधन पर दुःख व्यक्त किया और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। सुरेश डुलानी की राजनीतिक यात्रा और समाज सेवा के कार्य हमेशा याद रखे जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संदेश में सभी को एकजुट होकर दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने और शोक संतप्त परिवार के साथ सहानुभूति व्यक्त करने का आह्वान किया। इस दुःखद घटना ने राज्य के राजनीतिक और सामाजिक परिदृश्य को गहरा प्रभावित किया है।

## कुम्हारी फ्लाईओवर मेंटेनेंस कार्य, 10 से 18 मार्च तक रहेगा बंद

*भिलाई* /दुर्ग-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर स्थित कुम्हारी फ्लाईओवर में आवश्यक मेंटेनेंस कार्य किए जाने के कारण फ्लाईओवर के ऊपर का मार्ग अस्थायी रूप से बंद रहेगा। यह व्यवस्था 10 मार्च से 18 मार्च तक लागू रहेगी। निर्धारित अवधि के दौरान दुर्ग से रायपुर की ओर जाने वाले सभी वाहनों का आवागमन फ्लाईओवर के नीचे स्थित सर्विस लेन से कराया जाएगा। मेंटेनेंस कार्य को सुरक्षित और सुचारू रूप से पूरा करने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

# स्वदेशी मेला के संदर्भ में आयोजन प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री साय से की मुलाकात

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

आज स्वदेशी जागरण फाउंडेशन की इकाई भारतीय विपणन विकास केंद्र CBMD द्वारा आयोजित होने वाले स्वदेशी मेला के संदर्भ में आयोजन प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट की।

इस अवसर पर उन्हें भिलाई में आयोजित होने वाले स्वदेशी मेला में मुख्य अतिथि के रूप में पधारने हेतु ससम्मान निमंत्रण प्रेषित किया। स्वदेशी मेला प्रांत मेला प्रमुख, अमर बंसल, प्रबंधक सुब्रत चाकी, मेला संयोजक अजय भसीन ने मुख्यमंत्री को स्वदेशी मेला भिलाई आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि इस्पात नगरी भिलाई जिला दुर्ग मे प्रथम बार



आजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना, स्थानीय उद्योगों एवं व्यापारियों को प्रोत्साहित करना तथा आमजन में स्वदेशी के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

मेला संयोजक अजय भसीन एवम स्वागत समिति के अध्यक्ष दिनकर बासोतिया के ने भिलाई के इस वृहद आयोजन मे मुख्य अतिथि के रूप में सादर उपस्थित होने का निवेदन किया है । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्वदेशी को बढ़ावा देना आत्मनिर्भर भारत, और स्वावलम्बी भारत अभियान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं और निमंत्रण स्वीकार करते हुए मेले में आने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर प्रांत मेला प्रमुख अमर बंसल, प्रबंधक, सुब्रत चाकी , मेला संयोजक अजय भसीन, सह संयोजक,भोजराज सिन्हा, मेला स्वागत समिति सचिव श्रीमती दिव्य भसीन मक्कड़, समन्वयक, अजय तिवारी, सुनील मिश्रा, चिन्ना राव,विकास पांचाल एवम स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी एवं आयोजन से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचना मेला मीडिया प्रभारी शंकर सचदेव ने दी।

# रायगढ़ पुलिस ने की अवैध कबाड़ पर बड़ी कार्रवाई, करोड़ों का माल जप्त

*नई दृष्टिबिंदु / रायगढ़*

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देशन पर चोरी और अवैध कबाड़ के कारोबार पर अंकुश लगाने जिले में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत पूंजीपथरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ही दिन में 8 अलग- अलग कार्रवाई की है। पुलिस ने अवैध परिवहन में लगी 6 ट्रक और 1 माजदा वाहन में लोड करीब 134 टन स्क्रैप पकड़ा है। साथ ही मिनी राइस मिल पूंजीपथरा के पास डंप कर रखे 2 टन मैग्नीज मेटल और पाईलेट गोली लोहे को भी जप्त किया गया है। जप्त कबाड़ की कीमत करीब 50 लाख 75 हजार रुपये है, जबकि वाहनों की कीमत लगभग 65 लाख रुपये है। इस प्रकार पूरी कार्रवाई में करीब 1 करोड़ 15 लाख रुपये की संपत्ति पुलिस द्वारा जप्त की गई है।

विदित हो कि चोरी की वारदातों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए एसएसपी शशि मोहन सिंह द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अवैध कबाड़ के ठिकानों तथा अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों पर विशेष निगरानी रखते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के पालन में नवपदस्थ थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक रामकिंकर यादव ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और पुलिस स्टाफ को सूचना संकलन में लगाया।



अवैध कबाड़ परिवहन और एक स्थान पर मैग्नीज मेटल गोली डंप किए जाने की सूचना मिलने पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए एसएसपी शशि मोहन सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी के मार्गदर्शन में कल पूंजीपथरा पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर कार्रवाई की गई।

पुलिस टीम ने तमनार चौक पूंजीपथरा, पूंजीपथरा चौक, दावत ढाबा के सामने मेन रोड तथा महुआ चौक तुमीडीह में घेराबंदी कर 6 ट्रकों और 1 माजदा वाहन को पकड़ा, जिनमें लोहे के मशीनरी पाट्‌र्स, एंगल, छड़ सहित बड़ी मात्रा में स्क्रैप लोड था, जिसे स्थानीय प्लांट में खपाने की योजना थी। वाहन चालकों से स्क्रैप परिवहन के वैध दस्तावेज मांगे जाने पर वे प्रस्तुत नहीं कर सके, जिस पर चोरी की संपत्ति होने के संदेह में वाहनों सहित कबाड़ को जप्त कर वजन कराया गया। यहां 7 आरोपियों के विरुद्ध थाना पूंजीपथरा में इस्तगासा क्रमांक 13/2026 से 18/2026 तक तथा धारा 35(क)(ड) BNSS / 303(2) BNS के तहत कार्रवाई की गई है।

दौरान मुखबिर सूचना पर पुलिस ने मिनी राइस मिल पूंजीपथरा में रेड कार्रवाई की, जहां प्रियंक देवांगन उर्फ मिनी मौजूद मिला। पुलिस को सूचना थी कि वह ट्रक ड्राइवरों से मैग्नीज मेटल और पाईलेट गोली लोहे की खरीद करता है। मौके पर पुलिस को मैग्नीज मेटल की 43 बोरियां (करीब 1290 किलो) तथा पाईलेट गोली लोहे की 57 बोरियां (करीब 2 टन 280 किलो) मिलीं, जिनकी कुल कीमत 76,560 रुपये आंकी गई। संदेही द्वारा क्रय-विक्रय संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर चोरी का माल होने के संदेह में उक्त सामग्री को विधिवत जप्त किया गया। आरोपी प्रियंक देवांगन उर्फ मिनी पिता चंद्रिका प्रसाद देवांगन उम्र 43 वर्ष निवासी पूंजीपथरा के विरुद्ध थाना पूंजीपथरा में इस्तगासा क्रमांक 20/2026 धारा 35(क)(ड) BNSS / 303(2) BNS के तहत कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में ओडिशा, बिहार और छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों के वाहन चालकों से लोहे के कबाड़ी सामान से लोड ट्रक एवं माजदा वाहन जप्त किए गए हैं, जिनमें बड़ी मात्रा में स्क्रैप परिवहन किया जा रहा था।

गिरफ्तार आरोपियों में खेमासागर पाण्डेय पिता दुलामणी पाण्डेय निवासी पदमपुर, थाना पदमपुर जिला बरगढ उड़िसा , मो. कुर्बान पिता मो. सबदर निवासी चकबीर थाना रजवां जिला बांका बिहार, मनोज कुमार कुर्रे पिता सहनी राम कुर्रे निवासी जोगेसरा थाना सरसिंवा जिला सारंगढ बिलाईगढ, दौलत राम केवंट पिता प्यारे लाल केवंट निवासी जरवे थाना नगरदा जिला सक्ति, सचिन बंजारे पिता अच्छेराम बंजारे निवासी सरसींवा जिला सारंगढ बिलाईगढ़, महेश कुमार पिता इंदल सासय निवासी ग्राम समसपुर थाना महुआ जिला वैशाली बिहार, मनोज सिंह पिता जयचंद सिंह निवासी रानीरोड पूरानी बस्ती कोरबा, प्रियंक देवांगन उर्फ मिनी पिता चन्द्रीका प्रसाद देवांगन निवासी पूंजीपथरा, थाना पूंजीपथरा जिला रायगढ़ शामिल हैं।

# फर्जी अपहरण : लड़के ने पुलिस व परिजनों को खूब भगाया

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

जिले में एक नाबालिग के अपरहण की झूठी शिकायत की वजह से म्यूल खाता के सौदों के नेटवर्क का खुलासा हुआ है। पहले नाबालिग ने अपने अपरहण की झूठी कहानी बताकर परिजनों से पैसे मांगे। कहा कि अपहरण करने वाले लोग उससे तीन लाख रुपए मांग रहे हैं। बाद में बातचीत के दौरान यह रकम 50 हजार रुपए तक आ गई। इस कॉल के बाद उसके भाई आशीष ठाकुर ने तुरंत भिलाई तीन थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। परिजनों ने पुलिस में शिकायत की। बाद में नाबालिग ने कहा कि किडनैपरों ने उसे छोड़ दिया है।

लेकिन पुलिस को इस पूरी कहानी पर शक हुआ। पुलिस ने नाबालिग से पूछताछ की। जिसके बाद पता चला कि नाबालिग म्यूल खाता खरीदकर उसे बेचने का काम करता था। इस बार भी वह म्यूल खाता बेचने धनबाद गया था। जहां से यह पूरी कहानी निकलकर सामने आई है। पुलिस ने इस मामले में



धनबाद और झारसुगुड़ा से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में अभी दो आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। गिरफ्तार आरोपियों को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा।

पुलिस ने नाबालिग के बड़े भाई आशीष ठाकुर की शिकायत पर अपहरण का केस दर्ज किया था। लेकिन जांच के दौरान मामला पूरी तरह बदल गया। पुलिस की पूछताछ में नाबालिग ने खुद बताया कि उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर यह पूरी कहानी बनाई थी। इसके बाद पुलिस बीएनएस की धारा 3(5), 318(4) और 62 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक नाबालिग म्यूल खाते खरीदने और बेचने का काम करता था। इस बार वह खाते बेचने के लिए धनबाद गया था। लेकिन वहां जिन लोगों से उसकी बात हुई थी, उन्होंने खाते लेने से मना कर दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने पहले दिए गए एडवांस पैसे भी वापस मांगने शुरू कर दिए। नाबालिग ने पुलिस को बताया कि पैसे लौटाने का दबाव बढ़ने लगा था। उसे डर लगने लगा कि अगर पैसे वापस नहीं किए तो परेशानी बढ़ सकती है। इसी वजह से उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर अपने ही अपहरण की कहानी बनाने की योजना बनाई।

शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और नाबालिग की लोकेशन के आधार पर टीम को धनबाद के लिए रवाना कर दिया। इसी दौरान नाबालिग ने दोबारा फोन कर बताया कि उसे छोड़ दिया गया है और वह घर लौट रहा है। पुलिस को संदेह हुआ। पुलिस ने रास्ते में ही नाबालिग को रोक लिया और उससे पूछताछ शुरू की। बाद में सच्चाई सामने आने लगी। इसके बाद पुलिस नाबालिग को लेकर धनबाद गई और घटना से जुड़े स्थानों की जांच की। जांच के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया। उनसे पूछताछ की जा रही है, जबकि दो अन्य आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं।

पीआरजीआई सं.-CTHIN/25/A3746 यह हिंदी सांध्य दैनिक समाचार पत्र नई दृष्टिबिंद स्वामी एवं प्रकाशक आलोक तिवारी द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स द्वारा प्लॉट नं. 339/6, गली नं. 02, पाटन, थाना उतई, दुर्ग, (छ.ग.)-491111 से मुद्रित करवा कर। 80/बी, मैत्री विहार, राधिका नगर, सुपेला, भिलाई, जिला दुर्ग, (छत्तीसगढ़)-490023 से प्रकाशित संपादक आलोक तिवारी मो. 7415469100 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार), समस्त विवादों का निपटारण न्यायालयीन क्षेत्र दुर्ग होगा।